seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 292 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | श्रीगंगानगर, रविवार, 25 अक्टूबर, 2026 | seema-sandesh.com



मिठाइयों पर 'फूड कलर' की चमक से शुद्धता पर उठे सवाल!



स्वास्थ्य विभाग ने नष्ट करवाई खराब मिठाई

श्रीगंगानगर. स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही के दौरान एक प्रतिष्ठान से मिठाई को दिया जाने वाला इस प्रकार का 'कलर पैक' भी बरामद हुआ। मिठाइयों में केवल खाद्य उपयोग के लिए अनुमत (फूड ग्रेड) रंग ही निर्धारित नियमों और तय सीमा के अनुसार मिलाए जा सकते हैं। आमजन की सेहत के दृष्टिगत अब यह भी जांच का विषय बना चुका है।

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिला मुख्यालय और जिले के कस्बों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों की जांच के लिए कार्यवाही की जा रही है। मिठाइयों के नाम पर आमजन की सेहत से किस तरह खिलवाड़ हो रहा है, यह विभाग की कार्यवाही में सामने आ रहा है। कई जगहों पर पुरानी और मिलावटी मिठाइयों को स्टॉक में रखकर बाजार में बेचा जाता है। मिठाइयों को रंग देने के लिए जिस 'फूड कलर' का इस्तेमाल हो रहा है, क्या वह मानकों की कसौटी पर खराब उतरता है या नहीं? यह सवाल भी उठ रहा है। जिला मुख्यालय पर 6 ई छोटी स्थित अजय किरयाना भंडार से सरस लस्सी का सैंपल लिया गया। वहीं, रिद्धि सिद्धि प्रथम स्थित गोविंद डेयरी से सैंडपीस एवं खुले पनीर के सैंपल लिए गए। यहां डेयरी में एफएसओ मंजूबाला, नित्या शर्मा व उर्मिला भादू ने निरीक्षण के दौरान करीब 30 किग्रा मिठाइयां नष्ट करवाई। इसमें 10 किग्रा चाशनी, 7 किग्रा सैंडपीस और 10 किग्रा रसभरी नष्ट करवाई गई।



श्रीगंगानगर. प्रतिष्ठान में जांच के बाद सैम्पल की कार्यवाही करती खाद्य टीम।

यहां भी जांच और सैम्पलिंग...

स्पेशल बर्फी हाउस से मावा, डेयरी फार्म से दूध के सैम्पल लिये, जांच के लिए भेजेंगे

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के निर्देशन में केसरीसिंहपुर में एफएसओ हंसराज गोदारा एवं नरेश सेवदा ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। गुरुकृपा डेयरी फार्म से दूध, बजरंग बेकरी से आटे के बिस्कुट, स्पेशल बर्फी हाउस से मावा और ममता वैरायटी हाउस से बॉन ब्रांड की सूजी रस्क का सैंपल लिया गया। विभाग की ओर से लिए गए सभी सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देयोल का बिहाणी लॉ कॉलेज में स्वागत



श्रीगंगानगर। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हरमीत सिंह देयोल का शनिवार सुबह सेठ जी.एल. बिहाणी सनातन धर्म विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भावभीना स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश देयोल वर्ष 1997 में इसी महाविद्यालय के छात्र रह चुके हैं। उनके आगमन से महाविद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल रहा। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश हरमीत सिंह देयोल ने विधि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्ययन का केंद्र छोटे शहर में है या बड़े शहर में, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। विद्यार्थियों को हमेशा जमीन से जुड़े रहना चाहिए। अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के बल पर जीवन में किसी भी ऊंचाई तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और स्वयं पर विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के महासचिव हिमांशु बिहाणी ने मुख्य न्यायाधीश देयोल को पगडी पहना और शाल ओढा कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश देयोल का महाविद्यालय में आगमन सभी के लिए गर्व का क्षण है। वे विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत और सफलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश देयोल की धर्मपत्नी भी उनके साथ उपस्थित रहीं। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. कविता चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी ए.के. पांडे तथा ट्रस्ट की सभी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

श्री सनातन महावीर दल में प्रीतिभोज

श्रीगंगानगर। श्री सनातन धर्म महावीर दल प्रांगण में विजयदशमी महोत्सव उपरान्त प्रीतिभोज आयोजित हुआ। सर्वप्रथम भगवान को भोग लगाकर ब्राह्मण भोजन करवाया गया। तत्पश्चात श्री हनुमान राम नाटक समिति के राम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी के स्वरूपों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हीरालाल इन्दौरा, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, संस्था अध्यक्ष श्रीकृष्ण लीला, मंत्री सीताराम शेरेवाला सहित कई मौजूद थे।

वरिष्ठ एडवोकेट राजन कुक्कड़ का निधन, अंतिम संस्कार आज



श्रीगंगानगर। वरिष्ठ एडवोकेट राजन कुक्कड़ का शनिवार को देहावसान हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उपचाराधीन थे। एल ब्लॉक निवासी स्व. किशनलाल कुक्कड़ के सुपुत्र राजन कुक्कड़ ने वकालत के क्षेत्र में इलाके में न केवल नाम कमाया, अपितु उन्हें बार और न्यायालय दोनों में ही सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। वे अरोड़वंश समाज में भी वरिष्ठ सदस्य के रूप में सम्मानित व्यक्ति थे। उनके निधन की जानकारी मिलते ही अरोड़वंश समाज के सदस्यों के साथा-साथ वकीलों में शोक व्याप्त हो गया। वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं अपने पेशे के अनुभवी व्यक्ति थे। धार्मिक प्रवृत्ति के साथ ही सज्जन व्यक्ति के रूप में उनकी पहचान थी। नागपाल कॉलोनी की स्थापना के समय उन्होंने 2/14 नागपाल कॉलोनी में अपना निवास बना लिया था, किन्तु उनकी पहचान एल ब्लॉक वाले कुक्कड़ परिवार के सदस्य के रूप में ही रही। निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचने लगे। राजन कुक्कड़ के पुत्र राजस्थान उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 25 अक्टूबर को प्रातः पदमपुर रोड स्थित कल्याण भूमि में किया जाएगा। राजन कुक्कड़ के निधन पर 'सीमा सन्देश' कुक्कड़ परिवार के प्रति गहन सम्वेदनाएं व्यक्त करते हुए उनकी आत्मिक शांति की प्रार्थना करता है।

सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 9 | 25 अक्टूबर

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

सीमा सन्देश

इंजन-चेसिस नंबर से लेकर दर्ज मोबाइल नंबर तक हर जानकारी जांचना जरूरी

ट्रैक्टर के साथ बीमा भी समझदारी से लें, वरना क्लेम के समय लग सकता है बड़ा झटका! शर्तें समझना अनिवार्य

सीमा संदेश # श्रीगंगानगर। खेती-किसानी में ट्रैक्टर किसान का सबसे महत्वपूर्ण साथी है। जुताई, बुवाई, ढुलाई से लेकर विविध कृषि कार्यों तक के लिए खरीदा जाने वाला ट्रैक्टर काफी महंगा निवेश होता है। ऐसे में किसी अप्रिय दुर्घटना, आग लगने अथवा चोरी होने की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा के लिए बीमा अनिवार्य है। अक्सर किसान ट्रैक्टर खरीदते वक्त केवल डीलर के कहने पर बीमा ले लेते हैं और पॉलिसी की शर्तों या तकनीकी विवरण की पड़ताल नहीं करते। पॉलिसी में दर्ज छोटी सी चूक भी जरूरत के समय क्लेम खारिज करवा सकती है। अतः बीमा करवाते व नवीनीकरण करते समय निम्नलिखित बिंदुओं की जांच अत्यंत आवश्यक है:

1. सिर्फ रसीद नहीं, पूरी पॉलिसी की कॉपी लें

प्रीमियम राशि चुकाने के बाद केवल भुगतान रसीद या डीलर का अस्थायी कवर नोट लेकर संतुष्ट न हों। बीमा कंपनी द्वारा जारी मूल व विस्तृत पॉलिसी दस्तावेज (शेड्यूल और टर्म्स कंडीशन) अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। पॉलिसी बांड में वाहन की संपूर्ण पहचान, पॉलिसी की अवधि, बीमित मूल्य, प्रीमियम की गणना और अपवाद स्पष्ट दर्ज होते हैं। दस्तावेज मिलने पर सभी प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। इसकी एक डिजिटल प्रति (पीडीएफ) अपने फोन में सहेजें तथा मूल प्रति को सुरक्षित स्थान पर रखें।

2. इंजन व चेसिस नंबर का आरसी से मिलान:

ट्रैक्टर का इंजन नंबर और चेसिस नंबर उसकी कानूनी पहचान होते हैं। बीमा करवाते समय पॉलिसी में छपे इन नंबरों का मिलान ट्रैक्टर की खरीद रसीद (बिल) और आरसी (पंजीकरण प्रमाण पत्र) से एक-एक अंक व अक्षर मिलाकर करें। ट्रैक्टर का सही मॉडल, निर्माण वर्ष और हॉर्सपावर वेरिएंट भी ठीक दर्ज होना चाहिए। यदि इसमें कोई भी विसंगति दिखे, तो तत्काल एंडोर्समेंट (संशोधन) करवाएं। यह सावधानी नवीनीकरण (रिन्यूअल) के समय भी उतनी ही जरूरी है।

3. किसान का वास्तविक नाम और सक्रिय मोबाइल नंबर:

बीमा रिकॉर्ड में किसान का नाम आधार और आरसी के अनुसार शुद्ध वर्तनी में होना चाहिए। साथ ही, फोन नंबर केवल किसान का ही चालू नंबर दर्ज हो। कई बार डीलर अपना निजी नंबर डाल देते हैं, जिसके कारण क्लेम वेरिफिकेशन, सर्वेयर समन्वय, ओटीपी सत्यापन और नवीनीकरण समाप्ति संबंधी जरूरी संदेश व चेतावनी किसान तक समय पर नहीं पहुंच पाते। यदि कभी मोबाइल नंबर बदले, तो बीमा कंपनी के डेटाबेस में उसे तुरंत अपडेट करवाएं।

4. सीधे कंपनी से करें पॉलिसी की पुष्टि-

एजेंट या डीलर के स्तर पर कागजात लेने के बाद उसकी प्रामाणिकता की पुष्टि बीमा कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट अथवा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर पॉलिसी नंबर दर्ज करके जरूर करें। इससे यह सुनिश्चित हो जाता है कि जमा किया गया प्रीमियम वास्तव में कंपनी तक पहुंचा है और पॉलिसी पोर्टल पर सक्रिय है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नजर आने पर कंपनी के ग्राहक सेवा केंद्र पर शिकायत दर्ज कर उसकी लिखित रसीद अपने पास रखें।

5. थर्ड-पार्टी बनाम कॉम्प्रिहेंसिव कवर

सस्ते प्रीमियम के लालच में आकर कभी भी अधूरी सुरक्षा वाली पॉलिसी न चुनें। थर्ड-पार्टी (तृतीय पक्ष) बीमा कानूनन अनिवार्य है, जो केवल आपके ट्रैक्टर से किसी अन्य व्यक्ति को लगी चोट, मृत्यु या उसकी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई करता है; इसमें स्वयं आपके ट्रैक्टर के नुकसान का एक रुपया भी नहीं मिलता। वहीं कॉम्प्रिहेंसिव (व्यापक) पैकेज पॉलिसी में थर्ड-पार्टी देनदारी के साथ-साथ आपके खुद के ट्रैक्टर को दुर्घटना, आग, चोरी, दंगा या प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति का क्लेम मिलता है। अपनी जरूरत के अनुसार उचित आईडीवी (बीमित घोषित मूल्य) और उपयुक्त राइडर का चयन करें।

6. तुलनात्मक अध्ययन कर लें सही विकल्प:

बीमा नवीनीकरण या नई खरीद के वक्त सिर्फ एक डीलर के बताए प्रीमियम को अंतिम न मानें। अन्य प्रतिष्ठित बीमा कंपनियों या अधिकृत सेवा प्रदाताओं से कोटेशन मंगवाएं। प्रीमियम की दरों के साथ-साथ यह भी देखें कि किस कंपनी के नेटवर्क में कैशलेस गैराज की सुविधा उपलब्ध है और क्लेम निपटान अनुपात कैसा है। सस्ता प्रीमियम कई बार जरूरी कवरेज और पार्ट्स के ह्रास (डेप्रिसिएशन) को काटकर दिया जाता है, जो नुकसान के समय किसान की जेब पर भारी पड़ता है।

7. दुर्घटना या नुकसान पर त्वरित क्लेम प्रक्रिया:

दुर्घटना, आगजनी या चोरी की स्थिति में घबराए बिना सबसे पहले तुरंत बीमा कंपनी के हेल्पलाइन पर सूचना देकर क्लेम नंबर जनरेट करवाएं। चोरी या गंभीर सड़क हादसे के मामले में निकटतम पुलिस थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराना कानूनी रूप से अनिवार्य है। सर्वेयर के भौतिक निरीक्षण और पंचनामे से पहले क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर की कोई मरम्मत न करवाएं। आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, पॉलिसी प्रति और घटना स्थल के फोटो सुरक्षित रखें।

8. विसंगति दिखने पर तुरंत संशोधन करवाएं:

यदि पॉलिसी में नाम, पता, वाहन मॉडल, चेसिस अथवा इंजन नंबर में कोई त्रुटि हो, तो तुरंत बीमा कंपनी से एंडोर्समेंट (संशोधन) करवाएं और संशोधित प्रति सुरक्षित रखें।

किसान भाइयों के लिए त्वरित चेकलिस्ट:

1. पूर्ण पॉलिसी बॉन्ड प्राप्त कर लिया है।
2. इंजन व चेसिस नंबर का आरसी से अक्षरशः मिलान कर लिया है।
3. पॉलिसी में स्वयं का सही नाम और सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज है।
4. थर्ड-पार्टी व कॉम्प्रिहेंसिव कवर का अंतर समझ लिया है।
5. कंपनी पोर्टल पर पॉलिसी की प्रामाणिकता जांच ली है।
6. क्लेम की प्रक्रिया व आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी ले ली है।

ट्रैक्टर बीमा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि खून-पसीने की कमाई की सुरक्षा है। सही विवरण और स्पष्ट समझ ही संकट के समय वास्तविक सुरक्षा कवच बनती है।

बीमा कानूनी औपचारिकता नहीं, वाहन चालकों के लिए वित्तीय सुरक्षा भी

वाहन बीमा सिर्फ एक कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि वाहन चालकों के लिए वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति का एक बड़ा जरिया है। नियमों के तहत हर गाड़ी का वैध थर्ड-पार्टी बीमा होना अनिवार्य है, जो किसी अन्य व्यक्ति को चोट लगने या संपत्ति को नुकसान होने पर सुरक्षा देता है।

वहीं, कॉम्प्रिहेंसिव पॉलिसी के तहत चोरी, बाढ़, तूफान और दुर्घटना जैसी अनहोनी में गाड़ी की मरम्मत का खर्च कवर होता है। नेटवर्क गैराज में कैशलेस रिपेयर की सुविधा मिलने से जेब पर अचानक पड़ने वाला भारी बोझ कम हो जाता है। बीमा चुनते समय केवल सबसे कम प्रीमियम देखने के बजाय यह जांचना जरूरी है कि पॉलिसी में क्या-क्या कवर है और क्या बाहर रखा गया है। इसके अलावा, यदि गाड़ी में एआरएआई -प्रमाणित एंटी-थेफ्ट डिवाइस लगवाया गया है, तो प्रीमियम पर अतिरिक्त डिस्काउंट मिल सकता है। यदि पूरे साल कोई क्लेम न लिया जाए, तो नो क्लेम बोनस के तहत प्रीमियम पर 50% तक की छूट मिलती है, जिसे पुरानी गाड़ी बदलने पर नई गाड़ी में भी ट्रांसफर किया जा सकता है। बीमा कंपनी का चयन करने से पहले उसकी क्लेम सेटलमेंट रेशियो और ग्राहकों के रिव्यू जरूर जांच लें, ताकि मुश्किल समय में बिना किसी परेशानी के सहायता मिल सके।



दलवीर सिंह
बीमा सलाहकार न्यू इंडिया इंश्योरेंस
मोबाइल 94143-31165

अगली कड़ी में पढ़ें: ट्रैक्टर लोन लेते समय ब्याज दर, ईएमआई और आवश्यक दस्तावेजों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां।

अगली कड़ी · 27 अक्टूबर
"पंजाब में सस्ता, यहाँ महंगा क्यों?"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ — यही है सीमा सन्देश की पहचान | 1951 से

एलन कॅरिअर इंस्टीट्यूट का श्रीगंगानगर सेंटर शुरू; जेईई नीट के साथ मिलेगा नैशनल इंटरनेशनल ओलम्पियाड की तैयारी का मौका

अब श्रीगंगानगर में ही पूरे होंगे डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपने

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अब छोटे शहरों के लिए बड़ी बात नहीं रही है। हर प्रतिभा को उचित मार्गदर्शन के साथ क्षमता साबित करने के लिए उचित अवसर मिल रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों के डॉक्टर इंजीनियर बनने के सपने को पूरा करने के इसी उद्देश्य के साथ अब एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट देश के हर क्षेत्र में विस्तार कर रहा है।

इसी विस्तार के क्रम में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने श्रीगंगानगर में क्लासरूम सेंटर शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य श्रीगंगानगर और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही शहर में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन एवं एडवांस्ड तथा मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं ओलंपियाड जैसी नेशनल लेवल की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर एजुकेशनल एनवायरमेंट उपलब्ध करवाना है।

अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टूडेंट्स को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे न केवल परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि स्टूडेंट्स को घर से दूर रहकर पढ़ाई करने जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। श्रीगंगानगर में एलन क्लासरूम सेंटर शुरू होने से स्थानीय स्टूडेंट्स को अपने शहर में ही व्यवस्थित तैयारी और शैक्षणिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे क्षेत्र के स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्सको प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक नया ऑप्शन उपलब्ध होगा।



एलन के एजुकेशनल सिस्टम में कॉन्सेप्ट आधारित पढ़ाई, रेगुलर टेस्टिंग, डाउट क्लियरिंग और स्टूडेंट्स की परफॉर्मेन्स का एनालिसिस महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एलन के श्रीगंगानगर सेंटर पर भी इसी दिशा में स्टूडेंट्स की सब्जेक्ट्स पर गहरी समझ विकसित करने और उनकी डाउट सॉल्विंग क्षमता को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। उद्देश्य केवल सिलेबस पूरा करवाना या परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में स्वतंत्र रूप से सोचने, एनालिसिस करने और कठिन प्रश्नों को सॉल्व करने की क्षमता विकसित करना है।

शिक्षकों द्वारा कक्षा 6 से ही मजबूत शैक्षणिक नींव पर जोर

इस पहल में एलन के पीएनसीएफ (प्री नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन) डिवीजन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कक्षा 6 से 10 तक का समय स्टूडेंट्स की बुनियादी अवधारणाओं, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण होता है। इस स्तर पर साइंस और मैथेमेटिक्स के प्रति रुचि बढ़ाने तथा कॉन्सेप्ट क्लैरिटी पर ध्यान देने से स्टूडेंट्स को आगे चलकर नीट-जेईई और ओलिंपियाड जैसी प्रतियोगिताओं की तैयारी में मदद मिल सकती है। सेंटर में स्टूडेंट्स को नियमित अभ्यास, टेस्ट के माध्यम से परफॉर्मेन्स का एनालिसिस, अपनी गलतियों को समझने और उनमें सुधार करने के अवसर देने पर जोर रहेगा। इसके साथ ही टाइम मैनेजमेंट, रेगुलर स्टडी और लक्ष्य निर्धारण जैसी आदतों को विकसित करना भी शैक्षणिक प्रक्रिया का हिस्सा होगा।

पढ़ाई के साथ आत्मविश्वास व मार्गदर्शन

नीट-जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं होता। स्टूडेंट्स के लिए नियमितता, अनुशासन, आत्मविश्वास और अपनी कमजोरियों को पहचानकर उनमें सुधार करने की क्षमता भी जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्टूडेंट्स को उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुसार मार्गदर्शन देने, डाउट क्लियरिंग और परफॉर्मेन्स एनालिसिस के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। पेरेन्ट्स के साथ कम्यूनिकेशन और पॉजिटिव एजुकेशनल एनवायरमेंट भी इस प्रक्रिया के महत्वपूर्ण पहलू होंगे। इससे स्टूडेंट्स को अनावश्यक प्रेशर के बजाय निरंतर प्रयास और बेहतर सीखने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।

प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना लक्ष्य

एलन के श्रीगंगानगर सेंटर का विजन प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के अवसरों को मजबूत करना और स्थानीय प्रतिभाओं को नेशनल लेवल पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। आगामी तीन से पांच वर्षों में श्रीगंगानगर और आसपास के क्षेत्रों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जेईई-नीट और ओलिंपियाड जैसी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना महत्वपूर्ण लक्ष्य रहेगा। इसके साथ ही शुरूआती कक्षाओं से विद्यार्थियों की एकेडमिक नींव मजबूत करने पर भी विशेष फोकस रहेगा।

विद्यार्थी अभाव में पीछे न रहे : अरुण



एलन वाइस प्रेसीडेंट एंड जोनल हेड अरूण जैन का कहना है कि हर स्टूडेंट को आगे बढ़ने का मौका देना चाहते हैं। किसी भी तरह से अभाव में कोई पीछे नहीं रहे, जहां स्टूडेंट्स हमारे पास नहीं आ सकते, वहां एलन पहुंच रहा है। स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट अकेडमिक सपोर्ट दिया जा रहा है। श्रीगंगानगर में भी स्टूडेंट्स के सपने पूरे करने की हर कोशिश की जाएगी।

श्रीगंगानगर को नई पहचान देंगे: सहारण



एलन के डिप्टी जोनल हेड सुरेन्द्र सहारण ने कहा कि हम श्रीगंगानगर को नई पहचान देना चाहते हैं। इसके लिए प्रयास शुरू हो गए हैं। हम चाहते हैं कि यहां की प्रतिभाएं आगे आएं, बेहतर डॉक्टर व इंजीनियर के रूप में समाज में स्थापित हों। अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें।

रविवार परिवार
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403

■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 292 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, रविवार, 25 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com



कर्ज की दरों में कमी का मिला लाभ, निर्यात में हुई बढ़ोतरी

चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था मजबूत : भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अक्टूबर 2026 बुलेटिन में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। उद्योग और सेवा क्षेत्र के सकारात्मक संकेतकों के साथ बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र का प्रदर्शन भी मजबूत बना हुआ है। बुलेटिन के अनुसार फरवरी 2025 से मार्च 2026 के बीच रेपो दर में 125 बेसिस प्वाइंट की कमी के बाद अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की नई ऋण दरों (डब्ल्यूएएलआर) में 93 बेसिस प्वाइंट की गिरावट दर्ज की गई। इससे कर्ज लेने वालों को राहत मिली और मौद्रिक नीति का लाभ तेजी से ग्राहकों तक पहुंचा।

एनबीएफसी में सुधार

आरबीआई के अध्ययन में बताया गया है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) ने दिसंबर 2025 तक दोहरे अंकों की क्रेडिट ग्रोथ दर्ज की। साथ ही, एनपीए में लगातार कमी आने से उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत हुई है। ग्राहक सेवाओं, डेटा विश्लेषण और डिजिटल संचालन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है।

निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वस्तु निर्यात में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे व्यापार घाटा नियंत्रित करने में मदद मिली। अगस्त के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और प्रेषण में बढ़ोतरी से विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत हुआ।

आर्थिक गतिविधियों का डिजिटल आकलन

आरबीआई ने राज्यों की आर्थिक गतिविधियों का आकलन करने के लिए सैटेलाइट आधारित नाइट-टाइम लाइट्स और गूगल ट्रेंड्स पर आधारित नया मॉडल विकसित किया है। इससे महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों की आर्थिक गतिविधियों का वास्तविक समय में अधिक सटीक आकलन संभव होगा। बुलेटिन का निष्कर्ष है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की समष्टि अर्थव्यवस्था, बैंकिंग व्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र मजबूत स्थिति में हैं।

260 गीगा वाट के पार पहुंची बिजली की मांग

नई दिल्ली। भारत में बिजली की बढ़ती मांग और नवीकरणीय ऊर्जा के तेज विस्तार के बीच विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करना बड़ी चुनौती बन गया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार वर्ष 2035-36 तक देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 1,121 गीगावाट पहुंचने का अनुमान है, जिसमें गैर-जीवाश्म स्त्रोतों की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत होगी। हालांकि, शाम के समय सौर ऊर्जा की उपलब्धता घटने से कोयला आधारित संयंत्र, ऊर्जा भंडारण और पंप्ड हाइड्रो परियोजनाओं की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

महंगे हुए ड्राई फ्रूट्स, फिर भी दीवाली पर मांग बरकरार

मुंबई। वैश्विक तनाव, आपूर्ति में कमी और आयात लागत बढ़ने से ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इसके बावजूद धनतेरस, दिवाली और भाईदूज के अवसर पर बाजार में मांग बनी हुई है। मुंबई मेवा मसाला मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश गणात्रा ने बताया कि बादाम, पिस्ता और अखरोट महंगे होने के बावजूद उपहार के लिए अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं। हालांकि, ग्राहकों और कंपनियों ने बजट के अनुसार गिफ्ट पैक का वजन कम किया है। पहले जहां 250 ग्राम बादाम दिया जाता था, अब उसकी जगह 100 या 200 ग्राम के पैक पसंद किए जा रहे हैं। उन्होंने इस दिवाली बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद जताई।



PIONEER POWER MUSTARD

पायोनियर 45S46 - 45S52
सरसों की खेती में हाइब्रिड की क्रांति

PIONEER. 100 साल

पायोनियर की सरसों हाइब्रिड बीज की जोड़ी करेगी किसानों को निहाल– 45S46 और 45S52
दोनों किस्में अधिक उपज और बेहतर तेल प्रतिशत देने में सक्षम, रबी सीजन में किसानों की आय में होगी भारी बढ़ोतरी

श्रीगंगानगर:
रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों के लिए एक सुनहरी खबर सामने आई है। कृषि क्षेत्र की अग्रणी कंपनी पायनियर (PIONEER) ने किसानों की सफलता और आय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरसों की दो अत्यंत उन्नत हाइब्रिड किस्में– '45S46' और '45S52' –बाजार में उपलब्ध करा दी हैं। यह नई जोड़ी न केवल पारंपरिक किस्मों की तुलना में अधिक उपज देने में सक्षम है, बल्कि इसमें तेल की मात्रा (तेल प्रतिशत) भी काफी बेहतर पाई गई है।
किसानों की सफलता ही हमारी सफलता
इस नई पहल पर प्रकाश डालते हुए कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी सुभाष यादव ने बताया, किसानों की सफलता ही हमारी सफलता है। '45S46' और '45S52' हाइब्रिड सरसों बीजों को उपलब्ध कराकर हमारा मुख्य उद्देश्य किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा दिलाना है।
उन्होंने आगे कहा कि इस नई तकनीक से निश्चित तौर पर आगामी रबी सीजन में सरसों के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कदम देश के तिलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा और मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने विशेष रूप से श्रीगंगानगर की उपजाऊ मिट्टी का जिक्र करते हुए कहा कि यहाँ इन किस्मों से किसानों को रिकॉर्ड तोड़ उपज मिलने की पूरी उम्मीद है।

बुवाई का सही समय
कृषि विशेषज्ञों और कंपनी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इन हाइब्रिड किस्मों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए समय का विशेष ध्यान रखना होगा। सितंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के मध्य तक का समय इनकी बुवाई के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इसी समय पर बुवाई करने पर किसानों को सबसे अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है।

किसानों में जगा उत्साह, कृषि अर्थव्यवस्था में आएगी तेजी
इन दोनों शक्तिशाली किस्मों की उपलब्धता के बाद श्रीगंगानगर जिले के साथ-साथ हनुमानगढ़ एवं बीकानेर के किसानों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय किसानों का मानना है कि पायनियर की इस नई पहल से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वे बेहतर गुणवत्ता वाले सरसों का उत्पादन करके राष्ट्रीय बाजार में भी अपनी एक मजबूत पहचान बना सकेंगे।

कुल मिलाकर, आगामी रबी सीजन में इन क्षेत्रों की कृषि अर्थव्यवस्था में तेजी आने की प्रबल संभावना जताई जा रही है और किसान इन नई किस्मों के शानदार प्रदर्शन को लेकर बेहद आशावान हैं।



पायोनियर® हाइब्रिड सरसों



Some journeys are best enjoyed together. The globally loved Kia Sorento brings together a world of space, luxury, safety, and comfort, with three thoughtfully designed rows. With sophisticated interiors, intelligent technology, and advanced safety, it is tuned to deliver superior drives on highways and in cities. Because the journey should feel as amazing as the destination.

Scan to book your Sorento

FIRST-IN-SEGMENT A leap beyond

Intelligence by
Voice AI Powered by SoundHound AI
Kia AI Assistant (Real-time Generative AI)


Advanced Digital IRVM


Remote Smart Parking Assist (RSPA)

BEST-IN-SEGMENT A new benchmark


Digital Key 2.0


Dial-type Shift-by-Wire Selector


Best-in-Segment Length (4 815 mm) & Width (1 900 mm)

Kia AI Assistant (Real-time Generative AI) | Hybrid & Diesel Powertrains | All-Wheel Drive with Terrain Modes | 6 & 7-Seater Options | ADAS Level 2+ with 30 Features & 10 Airbags

Assured Buyback – 70% Residual Value in 3 Years* | ARAI Certified Hybrid Mileage 19.6 km/l*

Kia Service
Connected · Adaptive · Responsive · Engage

Kia Care Network
Kia Genuine Spare Parts

3+2 3 Years Unlimited km Warranty
Extendable up to 5 Years*

24x7 Nationwide Roadside Assistance*
My Convenience Plus

Smart Services
360° Digital Experience*

Warranty on High Voltage Battery (on Hybrid)
8 Years/ 1 60 000 km

*Terms & Conditions Apply. Ex-showroom price all India. Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard test conditions for front-wheel drive variants only. Actual mileage on road may vary. Segment is defined as a 3-row seater car with an overall length between 4 750 mm – 5 000 mm, width between 1 850 mm - 1 900 mm and height between 1 700 mm - 1 850 mm. *The programme is available through participating authorised Kia dealer partners. Eligible customers may enroll in their preferred plan at the time of vehicle purchase, subject to applicable programme criteria. Upon completion of the selected tenure, customers may exercise the assured buyback option in accordance with their programme agreement and applicable terms and conditions. The Assured Buyback Programme is independently administered by the relevant programme partner, which is responsible for enrolment, eligibility assessment, vehicle valuation, settlement, and related programme obligations, as governed by its agreement with the customer. Kia India facilitates access to the programme through participating authorised Kia dealer partners.The product & feature images shown are for representation purposes only. Features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary. The colors shown are subject to availability and may not be available across all variants and may differ slightly from those shown. Not all seat and interior colors are applicable in all trims. Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. Kia Connect comes with a 3-year free subscription. Kia Connect features may vary depending on the variant, device compatibility, software, and network availability in the vehicle. Kia AI Assistant with real-time generative AI can be interacted in English only. AI generated responses are for informational and convenience purposes only and must not be considered as a replacement of human judgement for critical decisions related to safety, medical assistance, local laws, navigation. Kia India reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, or other details of any model, or to discontinue any model, or to change/discontinue any service without prior notice. Kia India urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. No liability is accepted for errors and printing errors. Please refer www.kia.com for detailed terms, conditions and more information or visit your local Kia dealership.

Paras Kia:
Medanta Road, Sri Ganganagar
Tel: 9950679525

Hanumangarh
Tel: 9694055525

मारुति सुजुकी ने पेश किया विक्टोरिस ऑरम एडिशन

नई दिल्ली। देश की प्रमुख यात्री वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी 'विक्टोरिस' की पहली सालगिरह के अवसर पर इसका नया 'ऑरम एडिशन' पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह विशेष संस्करण आधुनिक डिजाइन, प्रीमियम फीचर्स और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड तकनीक के साथ ग्राहकों को बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगा कंपनी ने बताया कि विक्टोरिस ऑरम एडिशन स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड तकनीक और ईवी मोड से लैस है। इस एडिशन के लिए विशेष किट की कीमत 22,990 रुपये रखी गई है।



मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि आज के युवा ग्राहक ऐसी एसयूवी चाहते हैं, जिसमें स्टाइल, तकनीक, सुविधा और बेहतर प्रदर्शन सभी का संतुलन हो। इसी सोच के साथ विक्टोरिस को ऐसी एसयूवी के रूप में पेश किया गया था, जिसमें ग्राहकों की अधिकांश जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि अपनी पहली सालगिरह तक पहुंचते-पहुंचते विक्टोरिस देश में तेजी से बिकने वाली यात्री वाहनों में शामिल हो गई है। इसने बिक्री के एक लाख और डेढ़ लाख यूनिट के आंकड़े भी कम समय में हासिल किए हैं। इन उपलब्धियों को देखते हुए कंपनी ने विक्टोरिस ऑरम एडिशन पेश किया है।

कॉपर इंसर्ट और क्रोम एक्सेसरीज से प्रीमियम लुक : मारुति सुजुकी ने विक्टोरिस ऑरम एडिशन को खास डिजाइन थीम के साथ तैयार किया है। इसके बाहरी हिस्से में आकर्षक कॉपर कलर इंसर्ट दिए गए हैं, जो आगे, किनारे और पीछे के हिस्से में दिखाई देते हैं। ये इंसर्ट स्किड प्लेट डिजाइन और व्हील आर्च को विशेष रूप से उभारते हैं। इसके अलावा फ्रंट ग्रिल, फेंडर, बंपर, बॉडी साइड मोल्डिंग और डोर वाइजर के लिए क्रोम एक्सेसरीज उपलब्ध कराई गई हैं, जो वाहन को प्रीमियम लुक प्रदान करती हैं।

शाहिद कपूर के साथ कंपनी की साझेदारी : विक्टोरिस ऑरम एडिशन को युवाओं और नए दौर के ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए मारुति सुजुकी ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर के साथ साझेदारी की है। कंपनी को उम्मीद है कि नया एडिशन आधुनिक डिजाइन और हाइब्रिड तकनीक पसंद करने वाले ग्राहकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाएगा।

गंगनहर का वरीयताक्रम



25 अक्टूबर 2026, रविवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
आरबी	520 (8)	18 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	26 अक्टूबर सायं 3 बजे
एचएच	555 (7)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
रिड़मलसर	566 (7)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
फार्म	627 (7)	19 अक्टूबर सायं 3 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
जीजी	828 (4)	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	29 अक्टूबर सायं 6 बजे
हिरणावाली	850 (4)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला	871 (4)	22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	931 (3)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएलए	972 (3)	23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
करणीजी	1302 (2)	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	01 नवम्बर प्रातः 6 बजे
एफ	1805		
केके	1818		
एलएनपी	2095		
ईईए	2155		
समेजा	2357		24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
पीएस	2517		22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
बीआईएफ+जे	2558		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2576		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
जैड	2731		22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
वाई	2762		22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एच	3069		21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमके	3167		21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे
बीबी	3365		20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे

नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1569 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	5530	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	4262
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 24.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.63
पानी की आवक - 9939 क्यूसेक, निकासी- 8506 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1360.73
पानी की आवक- 3543 क्यू., निकासी- 10023 क्यू., बीकानेर - 2083

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

भाखरांवाली	50	प्रतापपुरा	1344
करनीसिंह	405	हरिपुरा	1357
मम्मड़खेड़ा	660	दीनगढ़	1370
जोड़कियां	780	सूरतपुरा	1379
सूरतगढ़	900	मोडिया	1539
भगतपुरा	938	पीलीबंगा	1774
संगरिया	944	लोंगवाला	1889
नगराना	952	अमरपुरा	1982
लीलांवाली	1200	रोड़ांवाली	1995
रतनपुरा	1211	नवां-सतीपुरा	2006
नाथवाना	1239	मोरजण्डा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8600-5250 (आ. 790 क्विं.), मूंग 8245-6000 (आ. 1734 क्विं.), ग्वार 8000-5950 (आ. 183 क्विं.), नरमा 9171-8881 (आ. 2012 क्विं.), कपास 8805-8261 (आ. 60 क्विं.), बाजरा 2262-2500 (आ. 65 क्विं.), **करणपुर** : मूंग 8200-8100, ग्वार 8151, नरमा 9317-9250, **रायसिंहनगर** : सरसों 8440-8100, गेहूं 2900-2750, मूंग 8470-7200, नरमा 9030-800, कपास 8599, ग्वार 8171-7800, **गजसिंहपुर** : सरसों 8329-7987, ग्वार 7805, चना 6150, मूंग 8361-7561, नरमा 9112-8601, बाजरा 2657-2461, **सबमंडी यार्ड रीको** : गेहूं 2850-2100, सरसों 8820-5500, पीली सरसों 8950-6200, ग्वार 8225-6500, मूंग 8580-5000, नरमा 9181-8000, बाजरी 2750-2000, **अनूपगढ़** : नरमा 9051-8925, मूंग 7000-8551, ग्वार 8237-7900, बाजरा 2671-2460, सरसों 8551-7935, गेहूं 2880, **जैतसर** : सरसों 8336-8176, मूंग 8579-8000, ग्वार 8210-7600, नरमा 9050-8721, धान 4525-3950, **श्रीविजयनगर** : मूंग 8500-8195, नरमा 9041-8777, ग्वार 7953-7650, सरसों 8116, धान 4536-3915, बाजरी 2700-2651, कपास 8421-8350, **घड़साना** : मूंग 8725-6810, नरमा 9070-9000, सरसों 8581-8203, ग्वार 7400-6900,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।,चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8760, नरमा व्यापारी 8851, बाजरा 2561, ग्वार 8045, मूंग व्यापारी 7760, धान पीआर व्यापारी 2400, धान मुछल 4551, धान 1509-3800, **डबली राठान** : नरमा व्यापारी 8968, ग्वार 8400, धान पीआर व्यापारी 2376, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8780, नरमा व्यापारी 9050, गेहूं व्यापारी 2923, बाजरा 2544, ग्वार 7751, मूंग व्यापारी 7800, धान पीआर व्यापारी 2281, धान मुछल 4572, धान 1509-4135, **रावतसर** : कपास 8380, नरमा व्यापारी 9130, गेहूं व्यापारी 2700, बाजरा 2541, ग्वार 8165, मूंग व्यापारी 8191, मोठ 8590, सरसों व्यापारी 8223, तिल 19800, मूंगफली व्यापारी 741, **नोहर** : ग्वार 7886, चना व्यापारी 7050, मूंग व्यापारी 8025, सरसों व्यापारी 8235, अरण्डी 8050, मूंगफली व्यापारी 7680, **भादरा** : नरमा व्यापारी 8640, गेहूं व्यापारी 2895, ग्वार 7700, **संगरिया** : नरमा व्यापारी 8937, नरमा सरकारी 2891, बाजरा 2540, ग्वार 7700, मूंग व्यापारी 7000, सरसों व्यापारी 8107, मक्का 2380, **गोलूवाला:** नरमा व्यापारी 9150, गेहूं व्यापारी 2650, बाजरा 2461, ग्वार 8125, चना व्यापारी 6201, मूंग व्यापारी 8121, मोठ 8600, सरसों व्यापारी 8206, **पीलीबंगा** : कपास 8805, नरमा व्यापारी 8906, बाजरा 2582, ग्वार 8000, मूंग व्यापारी 8352, सरसों व्यापारी 8106, धान पीआर व्यापारी 2300, धान 1509-4050



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

मौसम

अधिकतम 33.6° | न्यूनतम 20.5°

आर्द्रता

सुबह 78% | शाम 40%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:54PM

कल का सूर्योदय

06:44AM

आंशिक बादल रहेंगे।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,41,650

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,31,070

चांदी (प्रति किलो) ₹1,97,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

मजदूर संघ का अधिवेशन 1 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला इकाई की बैठक सुखाड़िया सर्किल स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में जिलाध्यक्ष कुलविन्दर सिंह ग्रेवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संभाग संगठन मंत्री गोविंद जोशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला मंत्री राजीव वर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से 1 नवंबर, रविवार को सुबह 11 बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में जिला अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। अधिवेशन में श्रमिक हितों, संगठन मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। साथ ही 15 से 17 जनवरी 2027 को चित्तौड़गढ़ में होने वाले प्रदेश अधिवेशन में भी भाग लेने की घोषणा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

पोलियो मुक्त भारत का सन्देश दिया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। रोटरी क्लब श्रीगंगानगर रॉयल द्वारा शनिवार को राजकीय नर्सिंग कॉलेज में विश्व पोलियो दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटे. जगनंदन सिंह ने 0 से 5 वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो खुराक पिलाने का आह्वान करते हुए पोलियो मुक्त भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. राजेश अरोड़ा व डॉ. प्रेम बजाज ने पोलियो उन्मूलन में रोटरी के वैश्विक योगदान और डॉ. जोनास साल्क के प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान रोटे. राकेश चुघ, युगभूषण वधवा, सुभाष झटवाल व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। मंच संचालन डॉ. विक्रम ने किया।

25 अक्टूबर को पुलिस लाइन श्रीगंगानगर में होगा 'रन फॉर फिट गंगानगर' मैराथन का आयोजन

गंगानगर मैराथन : बिब एक्सपो में उमड़े युवा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर 25 अक्टूबर को पुलिस लाइन श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली गंगानगर मैराथन को लेकर आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला। मैराथन की तैयारियों एवं प्रतिभागियों को आवश्यक सामग्री और जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस लाइन में बिब एक्सपो का आयोजन किया गया। एक्सपो में पहुंचे प्रतिभागियों को टी-शर्ट, किट सहित अन्य सामग्री वितरित की गई तथा मैराथन के विभिन्न रूट और आयोजन संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में फिट गंगानगर सोसायटी, श्रीगंगानगर की ओर से 'रन फॉर फिट गंगानगर' मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन के माध्यम से आमजन को फिटनेस, स्वास्थ्य और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी निर्धारित दौड़ के समय से एक घंटा पहले आयोजन स्थल पर रिपोर्ट करना होगा।

मैराथन के तहत 21 किलोमीटर हाफ मैराथन सुबह 5:15 बजे, 10 किलोमीटर दौड़ सुबह 5:45 बजे और 5 किलोमीटर दौड़ सुबह 6:15 बजे प्रारंभ होगी। इसके पश्चात सुबह 7 बजे फन रन आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक नकद पुरस्कार : गंगानगर मैराथन में विभिन्न दौड़ श्रेणियों के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 11,000 रुपये रखा गया है। इसी प्रकार 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमशः 21,000 रुपये, 11,000 रुपये और 5,100 रुपये होंगे। वहीं, 5 किलोमीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5,100 रुपये और तृतीय पुरस्कार 3,100 रुपये निर्धारित किया गया है। पुरुष एवं महिला वर्ग में कुल 18 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

श्रीगंगानगर के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह मैराथन शहरवासियों को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के साथ-साथ सामूहिक सहभागिता और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का अवसर बनेगी।

अलग-अलग दौड़ श्रेणियों के लिए स्टॉल लगाए गए

उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां दीपक कुक्कड़ ने बताया कि पंजीकृत प्रतिभागियों की सुविधा के लिए आयोजित बिब एक्सपो में अलग-अलग दौड़ श्रेणियों के लिए स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और फन रन में पंजीकरण करवाने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट, किट सहित आवश्यक सामग्री वितरित की गई। साथ ही, संबंधित कार्मिकों द्वारा प्रतिभागियों को मैराथन की प्रक्रिया और निर्धारित रूट चार्ट के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे प्रतिभागियों को आयोजन में भाग लेने में सुविधा मिल सके।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक वीरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बिब एक्सपो के दौरान खेल, स्वास्थ्य और फूड एक्टिविटी सहित विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

हर पल बिखरता हमारा समाज !

दिल्ली के उप नगर शाहदरा की एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने स्वयं को आग लगाकर जान दे दी। उल्लेखनीय है कि उसकी आत्महत्या के दो दिन बाद ही अर्थात 25 अक्टूबर को उसका जन्मदिन था। ऐसी त्रासद घटनाएं देश के लगभग हर हिस्से में, प्रतिदिन घटती हैं। उस क्षेत्र के लोग इस

मंथन

खबर के प्रति संवेदनशील न होकर इसे नज़रअंदाज कर देते हैं। एक तरफ हमारी सभ्यता और संस्कृति प्रत्येक मानव को ईश्वर का ही लघु स्वरूप मानते हैं तो दूसरी तरफ ऐसी मर्मांतक घटनाओं को हम संजीदगी से लेना ही भूल गए हैं। यह भी एक विडम्बना है कि जिस परिवार का कोई सदस्य आत्महत्या करता है तो उनकी प्रतिक्रिया भी बहुत महत्त्वहीन और चंद घंटों/दिनों ही अनुभव की जाती है। किसी भी समाज की संवेदनहीनता जब इतने निचले स्तर तक पहुंच जाती है तब स्थिति के सुधार की संभावना क्षीण होती जाती है। वह चाहे दिल्ली की उक्त स्कूली छात्रा की आत्महत्या हो या इससे पहले सैंकड़ों युवाओं द्वारा अपना जीवन समाप्त करना हो - हमारे सामने असंख्य सवाल खड़े कर जाते हैं। इसके बावजूद हम अपने ही परिजनों/प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने के तुरंत बाद शमशान से बाहर निकल अपने सिर पर कुछ बूंदें पानी की डालकर उस कथित शोक/हानि से मुक्ति पाने लग जाते हैं।

आज भारतीय समाज में जो 50-60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक हैं ,वे अपने ही आस-पास के लोगों के साथ उस तरह सम्बद्ध नहीं हैं, जैसा पहले हुआ करता था। भारतीय समाज उस समय एक अंजानी अपनत्व की भावना से जुड़ा रहता था। आज की वरिष्ठ आयु के लोगों को भलीभांति याद है कि उसके आस-पड़ोस के किसी भी परिवार में कोई मृत्यु हो जाए, बीमारी या आर्थिक संकट आ जाए तो वे सब उस प्रभावित व्यक्ति/परिवार का संबल बन जाते थे। आस-पास के लगभग सभी लोग उसे आश्वस्त करते थे कि तुम्हें किसी भी तरह का अभाव या कठिनाई हो तो हम सब तुम्हारे पीछे हैं। कोई भी व्यक्ति अपने किसी परिचित को भले ही आर्थिक या अन्य भौतिक मदद न करे, लेकिन पीड़ित व्यक्ति में उनका उपरोक्त मौखिक आश्वासन ही उसकी ऐसी ताकत बन जाता था कि वह स्वयं अपने आत्मविश्वास को फिर से खोजकर हर तरह के संकट से बाहर निकल आता था।

उपरोक्त घटना हमें आत्महत्याओं को लेकर भी नई तरह की सोच अपने भीतर पैदा करने का अवसर देती है। ऐसी एक घटना ही समाज के सभी सदस्यों को सचेत या संवेदनशील क्यों नहीं कर सकती कि ईश्वर न करे मेरे साथ कभी ऐसा हो तो मैं उस स्थिति से बाहर कैसे निकल पाऊंगा? इन्सान यदि बिना किसी के कहे अपने संघर्षों/अभावों से सफलतापूर्वक जूझ लेता है तो वह महामानव है। किसी का सहयोग लेकर भी यदि उस संक्रमण काल से बाहर निकल आए तो वह सामान्य मानव है, लेकिन आए दिन की ऐसी घटनाओं को देखते हुए भी वह सबक नहीं सीखता तो उसे मानव की श्रेणी में भी नहीं रखा जा सकता। उपरोक्त छात्रा की आत्महत्या का विश्लेषण व्यक्तिपरक न करके हम वस्तुपरक करें। चूंकि ऐसी अवस्था में तो हमारा कोई भी परिजन या प्रियजन आ सकता है। सवाल है कि क्या हम अपने आस-पास के लोगों के साथ वैसा जुड़ाव, अनुराग और सम्बद्धता के भाव से बंधे हैं?

आज भारतीय समाज की सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम परिवार के बीच, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच और यहां तक कि आस-पास के पड़ोसियों या सहयात्रियों या सहकर्मियों के साथ भी कोई संवाद नहीं करते। वह जमाना बहुत पीछे नहीं गया है जब घर के सदस्य दिन में किसी न किसी एक समय पर साथ बैठकर चाय-नाश्ता या भोजन न करते। एक-एक सदस्य शाम को अपने साथ दिनभर की घटी छोटी-मोटी घटनाओं आदि का ज़िक्र करता था। घरवाले अपने उस एक सदस्य के चेहरे या भाव भंगिमा/चाल-ढाल से समझ जाते थे कि वह किसी चिंता/फिक्र में है और वह उसे बिना कुछ बताए ही उसकी चिंता का निवारण कर देते थे। यह बात दूर-दूर के रिश्तेदारों और पड़ोसियों तक विस्तारित हो जाती थी। आज माता-पिता और बच्चों, भाई-बहनों व अन्य रिश्तेदारों के साथ हम उतने मिनट भी बात नहीं करते, जितने घंटे हम अपने मोबाइल पर सर्वथा अनुपयोगी और असम्बद्ध विषयों पर आंखें गड़ाए रखते हैं।

हम में से हर व्यक्ति इस असम्बद्धता और अलगाव से परिचित है, उसका भुगतभोगी है। उसकी वजह से उसमें जो अवसाद या तनाव पनपा है वह उससे भी बुरी तरह प्रभावित है, लेकिन वह अपने उन कथित प्रियजनों/परिजनों तक अपनी बात कहकर भी नहीं समझा पाता। आज हमारे मोबाइल- रिश्तेदारों, हमारी संवेदनाओं - यहां तक कि हमारी मनुष्यता तक को हड़प कर चुके हैं। पिछले दिनों एक रेखाचित्र के साथ टिप्पणी देखी/पढ़ी थी। उस रेखाचित्र में चार व्यक्ति एक शव को अपने कंधों पर ढोकर कदाचित शमशान ले जा रहे हैं। उसमें मृत व्यक्ति के हवाले से एक पंक्ति कही गई है - कि इन चारों में से कोई एक व्यक्ति भी मेरे जीवित रहते हुए अपना एक कांधा (रोने या अपनी तकलीफ को बयान करने) दे देता तो आज ऐसा दिन नहीं आता। हम अपने आप से पूछें कि क्या वह मृतक हम सबकी भावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा था?

श्रीगंगानगर में 30 को 150 स्थानों पर गाया जाएगा 'वंदे मातरम्'

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में संस्कार भारती द्वारा 30 अक्टूबर को एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। इसके तहत शहर के 150 अलग-अलग स्थानों पर आमजन और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार व सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कार भारती के प्रांतीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के चरणों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि 30 अक्टूबर को प्रातः 10:31 बजे शहर के 150 निर्धारित स्थानों पर एक साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गान होगा। इसके पश्चात प्रातः 11:46 बजे एसडी कॉलेज ऑडिटोरियम, गंगानगर में मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन के वीरों के प्रतिरूप की विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। संस्कार भारती के प्रांत उपाध्यक्ष निर्मल जैन, अध्यक्ष उमेश बंसल, राधा शर्मा, विजय अरोड़ा, हरविंदर सिंह, डॉ. पवन अरोड़ा, नरेश अरोड़ा और ममता गुप्ता आदि ने कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने गीत के रचयिता से लेकर वर्तमान तक के सफर और अब तक की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की।

पुलिस लाइन में टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। गंगानगर स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को पुलिस लाइन टेनिस कोर्ट में टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी से डीआईओ परमजीत सिंह, एजीएम बीएसएनएल संजय सुमन द्वारा टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कोच हरजिंदर सिंह एवं पीटीआई नवदीप शर्मा भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्म विश्वास, टीम भावना और खेल भावना का विकास करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अतिथियों ने खिलाड़ियों को पूरे उत्साह, समर्पण एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि खेल आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा टेनिस के प्रति रुचि बढ़ाने का अवसर प्रदान करेंगे। कोच हरजिंदर सिंह एवं पीटीआई नवदीप शर्मा ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव पर सेतिया कॉलोनी में सजेगा भव्य नगर कीर्तन

रविवार सुबह से शुरू होंगे तीन दिवसीय मुख्य धार्मिक कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सेतिया कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास साहिब जी में सिख धर्म की चौथी पातशाही साहिब श्री गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय मुख्य कार्यक्रमों का आगाज रविवार सुबह आलौकिक नगर कीर्तन के साथ होगा। गुरुद्वारा साहिब से तीसरी बार आयोजित नगर कीर्तन सुबह 8 बजे गुरूद्वारा साहिब से आरंभ होकर सेतिया कालोनी, खालसा नगर, भांभू कालोनी, पी ब्लॉक एवं विनोबा बस्ती के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब में पंहुचेगा, जहां गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। इस कड़ी में 25 व 26 अक्टूबर शाम 6.30 बजे बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने के उद्देश्य से गुरबाणी कीर्तन प्रतियोगिता होगी। 27 अक्टूबर को श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक महान कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान जरनैल सिंह टूरना ने बताया कि इससे पहले प्रकाशोत्सव के अवसर पर निकाली जा रही प्रभातफेरियों को शनिवार सुबह विश्राम दिया गया। इस दौरान प्रभातफेरियों में संगत ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता निभाई। उन्होंने बताया कि प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में गत 15 सितंबर से श्री अखंड पाठ साहिब की लड़ीवार सेवा निरंतर जारी है।

नगर कीर्तन सुबह 8 बजे गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सेतिया कालोनी मेन रोड, बसंती चौक, जस्सासिंह मार्ग, खालसा नगर, गुरुद्वारा मक्खन शाह लबाणा, गुरुद्वारा धन धन बाबा दीप सिंह जी शहीद, उद्धम सिंह चौक, पी ब्लॉक स्थित माई का गुरुद्वारा, गोविन्दम हास्पिटल, रमेश चौक, विनोबा बस्ती स्थित गुरुद्वारा श्री करगीधर साहिब से सेतिया कालोनी मेन रोड व गुरूनानक चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब में पंहुचेगा।

पूर्व न्यायाधीश मनोज गर्ग टांटिया यूनिवर्सिटी मूट कोर्ट में मुख्य अतिथि

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पूर्व न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग रविवार सुबह श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। वे टांटिया विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित द्वितीय डॉ. एस.एस. टांटिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सौरभ गर्ग ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में देश के 10 राज्यों की 46 टीमें भाग ले रही हैं। समापन समारोह में एच.एन.बी. गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, उत्तराखंड की डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ममता राणा तथा इसी विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. विशाल गुलरिया विशिष्ट अतिथि होंगे।



समारोह की अध्यक्षता टांटिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. डॉ. एम.एम. सक्सेना करेंगे। प्रतियोगिता में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और ओडिशा के विधि विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन से जुड़े 60 से अधिक विधि विशेषज्ञ, अधिवक्ता और शिक्षाविद् निर्णायक एवं मार्गदर्शक के रूप में जुड़े हैं।

गोदारा कॉलेज की छात्रा दिव्या शर्मा ने जूडो में जीता स्वर्ण पदक



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ी छात्रा दिव्या शर्मा पुत्री बजरंग शर्मा कक्षा प्रथम सेमेस्टर ने श्रीडूंगरगढ़ के भारती निकेतन कॉलेज में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता 2026-27 में 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है । यह प्रतियोगिता इसने चार राउंड पार कर अंतिम मुकाबले में एमडी कन्या महाविद्यालय रायसिंहनगर की खिलाड़ी छात्रा सोनू को हराकर जीता। महाविद्यालय पहुँचने पर कॉलेज प्रशासन, प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया, खेल समिति प्रभारी प्रोफेसर श्यामलाल, शारीरिक शिक्षा अनुदेशक डॉ. रेखा भारद्वाज व खेल समिति सदस्य हितेश मिड्ढा ने छात्रा का स्वागत किया एवं बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि दिव्या इससे पहले स्कूली गेम में राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुकी है।

चाय पर 0.5 प्रतिशत कृषक कल्याण शुल्क वापस लेने की मांग

दैनिक उपभोग की वस्तु पर अतिरिक्त कर से बढ़ेगी महंगाई



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। चाय व्यापार संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुरेश गर्ग के नेतृत्व में विधायक जयदीप बिहाणी, एडीएम (प्रशासन) सुभाष कुमार तथा कृषि विपणन विभाग के संयुक्त निदेशक महिपाल माली व सुखराम अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। संघ ने राज्य सरकार द्वारा चाय पर लगाए गए 0.5 प्रतिशत कृषक कल्याण शुल्क को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

महामंत्री मनोहर लाल धींगड़ा ने कहा कि राजस्थान गैर-चाय उत्पादक राज्य है, जहाँ अन्य राज्यों से प्रसंस्कृत चाय आती है। पड़ोसी राज्यों में यह शुल्क लागू न होने से स्थानीय व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ेगा और इस अतिरिक्त भार से सीधे तौर पर आम जनता पर महंगाई की मार पड़ेगी। विधायक व अधिकारियों ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक सदालाल उपवेजा, कोषाध्यक्ष जतिन बहल, पीआरओ मोहन मित्तल, उपाध्यक्ष महेश नागपाल, ललित पोद्दार, सुरेंद्र गर्ग, अमित गर्ग व दीपक गर्ग सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर कृषि महाविद्यालय, मशरूम लैब व पोल्ट्री लैब का भी किया निरीक्षण

कृषि अनुसंधान फार्म के लिए चौदह हेक्टेयर भूमि का मास्टर प्लान बनाया जाए : कुलगुरु राजेंद्र दुबे



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (बीकानेर) के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र बाबू दुबे ने शनिवार को कृषि महाविद्यालय श्रीगंगानगर का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

कुलगुरु प्रो. दुबे ने महाविद्यालय के पुस्तकालय और एकेडमिक ब्लॉक की कक्षाओं का दौरा कर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग कर कड़े परिश्रम के बल पर ही एक मजबूत और सफल करियर की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने छात्रों से आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान अधिष्ठाता डॉ. बी.एस. मीणा ने कुलगुरु के समक्ष संस्थान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने महाविद्यालय के भविष्योन्मुखी विकास और विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त भूमि, नए प्रशासनिक भवन, आधुनिक प्रयोगशालाओं, सुसज्जित खेल मैदान, छात्र-छात्रा छात्रावास तथा संकाय सदस्यों के लिए आवासीय परिसर जैसी बुनियादी सुविधाओं के शीघ्र विस्तार का पुरजोर आग्रह किया।

कुलगुरु ने इन मांगों पर अत्यंत सकारात्मक रुख अपनाते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर जारी प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने अनुसंधान फार्म के आरओबी के पश्चिम में चिन्हित 14 हेक्टेयर भूमि का समग्र मास्टर प्लान प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे आगामी ढांचागत निर्माण को गति मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने ह्यएक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्रामह्व के तहत संचालित मशरूम लैब और पोल्ट्री लैब का निरीक्षण कर वहां चल रहे व्यावहारिक प्रशिक्षण की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. एन.के. शर्मा, पूर्व निदेशक डॉ. एम.के. कौल, डॉ. यू.एस. शेखावत, संकाय सदस्य डॉ. सीमा चावला, डॉ. रूप सिंह मीणा, डॉ. लोकेश जैन, डॉ. रघुवीर सिंह मीणा, विभिन्न अतिथि व्याख्याता तथा लेखाधिकारी श्रीराम वर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पीओ व एपीओ प्रथम को दिया प्रशिक्षण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले में पंचायती राज आम चुनाव के तहत शनिवार को दूसरे दिन भी डीएवी उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीगंगानगर में पीओ व एपीओ प्रथम के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी एवं जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन ने कार्मिकों से पंचायती राज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्यों को आयोग के निर्देशानुसार संपादित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करना है। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार कार्मिकों को पंचायती राज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम और मतपेटी से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

स्पिरिचुअल टैबलेट : डिप्रेशन से आत्मज्ञान तक का सफर



MAAsterG की क्लास
किश्त सं. 40

आजकल बहुत ज्यादा नौजवान डिप्रेशन से गुजर रहे हैं। अगर यही हालात रहे, तो आने वाले 25 से 50 सालों में पूरा देश डिप्रेशन में होगा और कोई नहीं बचेगा। नौजवान कोई भी बात अंदर लेकर बैठ जाता है, किसी से साझा नहीं करता और वो बात गहरी हो जाती है। पहले संयुक्त परिवार थे, तो राह दिखाने वाले कई लोग होते थे। हम अंकल, मामा या बुआ के पास चले जाते थे। परिवार में पहले जो प्रेम था वो अब रहा नहीं। अब ईर्ष्या आ गई है और जॉइंट फैमिली ह्यजेलेस फैमिलीह्ल बन गई है। फिर बाहरी विकास इतना ज्यादा हो गया है। पहले मोबाइल, कंप्यूटर, गाड़ियाँ नहीं थीं; सब कुछ सीमित था, इसलिए खुशियाँ थीं। हमें अपने लिए उतना नहीं चाहिए जितना हम दूसरों को देखकर चाहते हैं। दूसरे के पास बड़ी गाड़ी या फ्लैट है, तो हमारे पास भी होना चाहिए। जब कुछ नहीं था, उस समय कोई प्रॉब्लम नहीं थी। पर अब विकास इतना हो गया है कि हर इंसान को बड़ा घर, गाड़ी और पैसा चाहिए, ह्यऔरह्ल-ह्लऔरह्ल होना चाहिए। उसके लिए भागना पड़ता है। खर्चे इतने हैं कि पहले पति भागता था, अब पत्नी भी काम पर जा रही है। बच्चा पैदा करना ही है और उसको वो प्यार मिलता नहीं। जब वो बड़ा होता है, तो वो अट्रैक्शन को प्यार समझ बैठता है, रिलेशनशिप बनते हैं और फिर ब्रेकअप हो जाता है। फिर ड्रग्स और ड्रिंक्स आ जाते हैं। कॅरिअर चौपट हो जाता है और वो अकेलेपन में चला जाता है। फिर वो सोचता है कि अब सुसाइड कर लेते हैं। किसी के पास टाइम है नहीं, पूछने वाला कोई है नहीं, सब व्यस्त हैं। बिना जिंदगी को समझे बच्चे एकांत में जा रहे हैं। वो कुछ भी दिमाग में बैठा लेते हैं और उसमें अटक जाते हैं। मोबाइल खासतौर पर ओवर-थिंकिंग का कारण है। अगर तुम मोबाइल को टाइम-टेबल में ले आओ, तो चीजें बेहतर हो जाएँगी। डिप्रेशन से जूझ रहे नौजवानों के कारण उनके माँ-बाप भी परेशान हैं। बच्चे दुखी हैं, तो माँ-बाप भी दुखी हैं। शरीर के मरने के बाद कुछ अच्छा हासिल नहीं होता, सिर्फ आत्मा का प्रस्थान होता है। जब शरीर में ऊर्जा, चेतना या आत्मा आती है, तो उसे हम जन्म कहते हैं; और जब बाहर निकल जाती है, तो वो मौत है। कौन जन्म ले रहा है और कौन मर रहा है? बॉडी तो वहीं पड़ी रहती है, इसलिए जन्म और मृत्यु है ही नहीं। तुम इस शरीर में सिर्फ यात्री हो। इस अमूल्य शरीर को अगर मार दिया, तो जिसने तुम्हें गर्भ में नौ महीने मल-मूत्र के अंदर बैठाकर बनाया है, वो इसका हिसाब-किताब माँगेगा। इस शरीर रूपी साधन का ये बुनियादी ज्ञान, कि आत्मा शरीर को चलाती है, जानना जरूरी है। अध्यात्म से तुम जान पाते हो कि तुम कौन हो। इस शरीर रूपी वाहन को जानो कि मैं कौन हूँ, ये ज़िंदगी क्या है, हम यहाँ क्यों आए हैं और यह क्या खेल है?

यही ज्ञान सब ईश्वरीय व्यक्तित्व वाले व्यक्तियों जैसे गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, जीसस, मोहम्मद, कबीर, फरीद, मीरां, सहजो ने पाया था; ये सब भी हमारे जैसे ही थे। ईश्वरवाद ही मनुष्य का आखिरी विकास है। जो लोग डिप्रेशन में जा रहे थे, अब उनकी गोलियाँ बढ़ नहीं रहीं, दवाइयाँ वहीं रुक गई हैं और उन्होंने ज़िंदगी का मजा लेना शुरू कर दिया है। आध्यात्मिकता हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संसार को स्पिरिचुअल टेबलेट यानी ऐसी वाणी चाहिए जो इस शरीर का और आत्मा का ज्ञान दे, कि ये जन्म-मृत्यु क्या है, हम क्यों आए हैं, मृत्यु के बाद क्या, ये खेल क्या है? इस आत्मा के खेल को समझने को ही अध्यात्म कहते हैं।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निःशुल्क उपलब्ध है।

तिलक वर्मा और नीतीश रेड्डी की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत की ऐतिहासिक जीत

भारत ने लगाया जीत का 'तिलक' न्यूजीलैंड को हराया, सीरीज में बढ़त

क्राइस्टचर्च

तिलक वर्मा (नाबाद 51) के जुझारू अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 26) के साथ सातवें विकेट के लिए हुई 69 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर भारत ने दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस रोमांचक जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली है। भारत के इस 300वें टी-20 मुकाबले में तिलक वर्मा को उनकी आतिशी पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवन जैकब्स (58) के बीच हुई 116 रनों की साझेदारी की बदौलत 5 विकेट पर 180 रन बनाए थे।

तिलक वर्मा



जवाब में 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने एक समय 112 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। संजू सैमसन (14), अभिषेक शर्मा (27) और नमन धीर (31) के आउट होने के बाद भारत पर हार का संकट मंडरा रहा था और आखिरी 5 ओवरों में जीत के लिए 70 रनों की दरकार थी।

ऐसे मुश्किल हालात में तिलक वर्मा ने दबाव को बेअसर करते हुए महज 26 गेंदों में 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 51 रन ठोके। दूसरे छोर से नीतीश रेड्डी ने 13 गेंदों में ताबड़तोड़ 26 रन बनाकर उनका पूरा साथ दिया। दोनों ने अंतिम 4.5 ओवरों में 68 रन बटोरकर 19.5 ओवर में भारत को 6 विकेट पर 181 रन बनाकर एक यादगार जीत दिला दी।

वर्ग पहली क्रमांक 7959



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

बायें से दायें:- 2) घरेलू झगड़ा, 15) टालमटोल; बिछौना, 4) विश्वासघात; बहानेबाज़ी, 17) अत्यंत तुच्छ; बाग़ीपन 6) मृत्यु, 8) महत्त्वहीन, 18) मौसी, 19) तेज़ी से, 9) दुर्घटना, 11) रिआयत, 22) विचित्र; सनकी, रिसना, 13) निकृष्ट, 14) 23) एक हिंदी संतकवि, 24) एक तिलहन धान्य, 16) आनुवंशिक, 25) आज्ञा का वेतन, 20) दुर्जन, 21) निर्वाह, 26) अंतरराज्यीय; देश आहार नली, 22) अंदाज, का, 27) तपस्या, 28) घना. 24) पवित्र, 25) दुर्जनता- (उत्तर: अगले अंक में)

पूर्ण, 26) बेगम, 27) आवश्यकतायुक्त; लोभी, 29) नीलिमा 30) पीहर.

ऊपर से नीचे:- 1) कुँआरा, 2) ऊँचे पहाड़ों के बीचोबीच बनाया गया रास्ता, 3) तीन घंटे का समय; पहर, 4) गणेश, 5) मुग्ध होना, 7) बार बार उच्चारण, 10) ढंग, 12)

पिछली पहेली का उत्तर

मु	सी	ब	त	■	पु	ष्प	क	■	म
क	■	स	न	स	नी	■	म	ल्ला	ह
द	रा	र	■	म	त	■	सि	■	त्त्व
मा	घ	■	अ	स्त	■	म	न	■	पू
■	व	र्त	न	■	सां	ध्य	■	चू	र्ण
बे	■	■	व	क्तृ	त्व	■	क्री	म	■
शु	क्र	वा	र	■	ना	भि	■	ना	ज़
मा	■	क़	त	ल	■	ड़	■	■	मा
र	सो	ई	■	घु	ल	ना	मि	ल	ना

फ्रेंच ओपन; पीवी सिंधु का धमाकेदार प्रदर्शन, जापानी खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश

पेरिस (वार्ता)

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फ्रेंच ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है। 73 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने जापान की हिना अकेची को 21-10, 20-22, 21-16 से पराजित किया।

इस सत्र में सिंधु दूसरी बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। मैच के पहले गेम में सिंधु ने एकतरफा दबदबा बनाते हुए आसान जीत



दर्ज की। हालाँकि, दूसरे गेम में अकेची ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक तीसरे गेम में 16-16 की बराबरी के बाद सिंधु ने लगातार पांच अंक बनाकर मैच जीत लिया।

अब रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में सिंधु का सामना दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन एन से यंग से होगा। टूर्नामेंट में सिंधु ही एकमात्र शेष भारतीय चुनौती हैं, क्योंकि अश्मिता चालिहा क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं, जबकि पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी और लक्ष्य सेन के हटने से भारत की उम्मीदें पहले ही खत्म हो चुकी थीं।

मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने पोलार्ड

मुंबई, (वार्ता) मुंबई इंडियंस ने कीरोन पोलार्ड को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। पोलार्ड एमआई की सबसे सफल यात्राओं का अहम हिस्सा रहे हैं और हाल के



वर्षों में बैटिंग कोच की भूमिका निभा रहे थे। मुंबई इंडियंस की सह-मालकिन नीता एम अंबानी ने पोलार्ड की नियुक्ति पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पिछले 16 साल में वह हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने हमें कई यादगार पल दिए और कोच के रूप में भी अपने अनुभव, जुनून और खेल की गहरी समझ को साझा करते रहे हैं। हमें खुशी है कि अब वह हेड कोच की नई ज़िम्मेदारी संभालेंगे।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 25 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं-

1296 : संत ज्ञानेश्वर ने समाधि ली।
1415: इंग्लैंड की सेना ने एगिनकोर्ट की लड़ाई में फ्रांस की सेना पर निर्णायक जीत हासिल की।
1760 : जॉर्ज तृतीय ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड के राजा बने।
1800 : लॉर्ड मैकाले का जन्म। वह प्रसिद्ध अंग्रेजी कवि, निबन्धकार, इतिहासकार तथा राजनीतिज्ञ थे।
1881 : स्पेन के महान चित्रकार, मूर्तिकार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी पाब्लो पिकासो का जन्म।
1929 : भारत के भूतपूर्व 25वें मुख्य न्यायाधीश एम. एन. वेंकटचेलैय्या का जन्म।
1947 : कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार से पाकिस्तानी हमले के मद्देनजर मदद की अपील की।
1950 : चीन ने कोरिया की लड़ाई में उत्तर कोरिया का साथ देते हुए दक्षिण कोरिया के खिलाफ कदम रखा।
1951 : स्वतंत्र भारत में पहले आम चुनाव और पहले लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया की शुरूआत।
1964 : भारत ने अपना पहला स्वदेशी टैंक 'विजयंत' विकसित किया।
1964 : राष्ट्रपति कौंडा ने जाम्बिया में सत्ता संभाली।
1980 : उर्दू के प्रसिद्ध शायर साहिर लुधियानवी का निधन।
1983 : अमेरिका की सेना ने कैरेबियाई द्वीप ग्रेनेडा पर कब्जा किया।
1995 : तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।
2005 : साहित्यकार निर्मल वर्मा का निधन।
2008 : सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री नर बहादुर भंडारी को छह माह की सजा सुनाई गई।
2009 : बगदाद में बम धमाकों से 155 लोगों की मौत तथा 721 घायल।
2012 : क्यूबा और हैती में 'सैंडी' तूफान से 65 लोगों की मौत तथा आठ करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एनएनएस) सोमवार अश्विन पूर्णिमा को गेहूं व इसके उत्पाद, तुअर, देशी चना, काबुली चना, मूंग, मोठ, बारीक चावल, मक्की, बाजरा, जौ, जई, तिल, बिनौला, ग्वार, ग्वारगम, लोबिया, राजमा चित्रा, देशी घी, दूध पाउडर, जीरा, धनिया, जायफल, कालीमिर्च, सौंफ, लौंग, बादाम, रुई, कपास, अजवायन, सौंठ, काजू के भावों में लाभ तथा सरसों व सोया तेल, जावित्री, छोटी इलायची, चिरौंजी, अंजीर, छुहारा, बड़ी इलायची, पोस्तदाना, किशमिश, जस्ता, कॉपर, पीतल सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-4-5-8 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 11.17 बजे पूर्वार्द्ध के बाद यात्रा करना लाभप्रद सिद्ध होगा।**

आज का राशिफल

25 अक्टूबर रविवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल चतुर्दशी, नक्षत्र-रेवती, योग-हर्षण, करण-वणिज, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - कर्क राशि में, चंद्रमा-मेष, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : मेष राशि वालों का दिन लाभकारी रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

वृषभ : दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। नौकरी में उच्च अधिकारियों से संबंध अच्छे रखें, तरक्की के योग हैं।

मिथुन : नौकरी में तरक्की मिल सकती है। किसी शुभ समाचार से मन खुश रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कर्क : महत्वपूर्ण कार्यों को कुछ समय के लिए टाल दें। धन से जुड़ा कोई भी बड़ा फैसला लेने से बचें।

सिंह : मन थोड़ा परेशान रह सकता है और आत्मविश्वास में कमी महसूस हो सकती है, हालांकि परिवार का सहयोग मिलेगा।

कन्या : वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन मन अशांत हो सकता है। माता-पिता और जीवनसाथी की सेहत का खास ध्यान रखें।

तुला : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु खुद पर संयम रखें और गुस्से से बचें।

वृश्चिक : कला और संगीत के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। बौद्धिक कार्यों में आपकी व्यस्तता रहेगी।

धनु : मन में उतार-चढ़ाव बने रहेंगे। आर्थिक मामलों में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर : धन लाभ के योग बन रहे हैं, हालांकि किसी पुरानी बात को लेकर मन में दुविधा या हलचल रह सकती है।

कुंभ : आत्मविश्वास में थोड़ी कमी आ सकती है। करियर और कारोबार में अपने संपर्कों से लाभ मिल सकता है।

मीन : मन थोड़ा परेशान रहेगा और आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है, ऐसे में धैर्य बनाए रखें।

नाटक के मंच पर उठा बड़ा कदम, सैंकड़ों ने ली नशा मुक्ति की शपथ



सीमा सन्देश# पदमपुर।

नशे के विरुद्ध सैकड़ों व्यक्तियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्य अभिषेक के दौरान नशामुक्ति की शपथ ली। नगर पालिका प्रांगण में श्री रामा नाटक क्लब के स्टेज पर 'नशा एक खौफनाक मंजर' का मंचन डायरेक्टर राजकुमार बलाना (पोखी) के नेतृत्व में विनोद गौड, संजय गेरा, काका मदान, ललित हरवानी, कार्तिक बलाना, रोहित जोशी, तुषार खुराना, हरीश हखानी आदि कलाकारों ने किया। महाराष्ट्र पुलिस कमिश्नर साइबर अजय बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, एड. मदन बंसल एवं मुख्य अतिथि संदीप सोनी, रतन सोनी, हैप्पी प्रकाश कलिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, कवि विजय मित्तल, महंत सजना, शर्मीली, परवीन, राजकुमार गुगनानी, हरीश डामा, मयंक नारंग, कर्ण चड्ढ़ा सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा नशा मुक्त अभियान में अपना योगदान देने का आह्वान किया। मंडी के प्रतिष्ठित व्यापारी व कवि विजय मित्तल ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के सर्वोच्च जीवन पर हर व्यक्ति को गर्व करते हुए उनके आदर्श जीवन को अपने जीवन में उतारने का संकल्प करवाया।

बालिका विद्यालय में कार्यशाला हुई



मिर्जेवाला।

पीएम श्री विद्यालयों में उद्यमिता, नवाचार आदि को बढ़ावा देने हेतु स्टेट इनोवेशन काउंसिल की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन पीएम श्री राबाउमावि मिर्जेवाला में किया गया। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता टांटिया विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. संतलाल सर्वा शामिल हुए। डॉ. सर्वा ने नवाचारी विचारों को मूर्त रूप देने हेतु एक प्रारंभिक मॉडल जिसे विज्ञान की भाषा में प्रोटोटाइप कहा जाता है, के विकास पर बल दिया गया। यदि आपके नवाचारी विचार तथा विकसित प्रोटोटाइप द्वारा समाज में व्याप्त समस्याओं को हल करने तथा दैनिक जीवन को आसान बनाने संबंधी गुण हो तो विभिन्न सरकारी संस्थाओं द्वारा इस पर कार्य करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए नवाचारी विचारों को उनके नाम से पेटेंट भी करवाया जा सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश नेगोशिएशन प्रति. में युवाओं को दिया संवाद और मध्यस्थता का संदेश

स्वामी विवेकानंद मेरे पसंदीदा व्यक्ति, वीजीयू आना मेरे लिए आत्मीय अनुभव : जस्टिस एनवी अंजारिया

जयपुर।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एन.वी. अंजारिया ने कहा कि 'स्वामी विवेकानंद जी मेरे सबसे पसंदीदा व्यक्ति हैं, इसलिए विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए बेहद आत्मीय और हृदयस्पर्शी है।' उन्होंने कहा कि न्याय का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं, बल्कि समाज में सौहार्द और आपसी सहमति स्थापित करना भी है। अदालतों के बाहर संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से मामलों का समाधान समय और ऊर्जा बचाने का प्रभावी माध्यम है। वह शनिवार को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जयपुर के विधि विभाग की ओर से आयोजित चतुर्थ वीजीयू आर.के. रस्तोगी मेमोरियल नेगोशिएशन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के विधि संस्थानों, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और विधि संकायों की 60 टीमों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।



एडीआर के महत्व पर दिया जोर : जस्टिस अंजारिया ने युवाओं को वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) की तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भविष्य के अधिवक्ताओं को केवल मुकदमेबाजी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि बातचीत, समझौते और मध्यस्थता की कला में भी दक्ष होना चाहिए।

संवाद से टल सकता है बड़ा संकट : रस्तोगी : वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने कहा कि नेगोशिएशन केवल विधिक कौशल नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन बनाए रखने का माध्यम है। उन्होंने वर्ष 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका और रूस के बीच सफल कूटनीतिक वार्ता ने विश्व को बड़े संकट से बचाया था। उन्होंने रामायण और महाभारत में शांति वार्ता एवं मध्यस्थता के उदाहरण देते हुए युवाओं से संवाद कौशल विकसित करने का आह्वान किया।

विधिक शिक्षा में संवाद कौशल जरूरी : वीजीयू चेयरपर्सन एवं पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में वार्ता और कूटनीति का महत्व तेजी से बढ़ा है। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि कई विवाद अदालतों के बाहर सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाए जा सकते हैं, जिससे पक्षकारों का समय और ऊर्जा बचती है। कार्यक्रम में वीजीयू के संस्थापक डॉ. के.आर. बागड़िया, कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.वी.एस. भगवानुलु, विधि विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा राव रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के बाद प्रतियोगिता के प्रथम चरण की गतिविधियां शुरू हुईं।

बुनियादी सुविधाओं के बिना विकास अधूरा : कनिका सिंह

राजेंद्र राठौड़ के पुत्र-पुत्रवधू ने थामा चुनावी मैदान, भाजपा के टिकट पर नामांकन दाखिल

चूरू।

जिला परिषद सदस्य पद के चुनावों में राजनीतिक गलियारों में उस समय हलचल तेज हो गई, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के परिवार से दो सदस्यों ने चुनावी मैदान में कदम रखा। राजेंद्र राठौड़ की पुत्रवधू कनिका सिंह ने वार्ड संख्या 23 से और बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ ने वार्ड संख्या 39 से भाजपा के टिकट पर अपना नामांकन दाखिल किया है। वार्ड 23 से प्रत्याशी कनिका सिंह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई जगहों पर बिजली, शुद्ध पेयजल और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इनके बिना ग्रामीण विकास की कल्पना अधूरी है। यदि वह जीतती हैं, तो इन बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि उनके ससुर के 40 वर्षों के राजनीतिक अनुभव और जनसेवा का लाभ उन्हें भी मिलेगा। कनिका सिंह के पिता सेना में अधिकारी रहे हैं, जिससे उनकी स्कूली शिक्षा देश के विभिन्न राज्यों में हुई। उन्होंने वर्ष 2007 में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से स्नातक किया। हाल ही में राजस्थान फुटबॉल क्लब की स्थापना को लेकर भी वह सुर्खियों में रही थीं।

संगठन को मजबूत करना मुख्य लक्ष्य : पराक्रम सिंह : वार्ड 39 से भाजपा प्रत्याशी पराक्रम



सिंह राठौड़ ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पार्टी संगठन को मजबूत करना है। वर्तमान में चूरू भाजपा जिला कार्यकारिणी में महामंत्री के पद पर कार्यरत पराक्रम सिंह दो दशक से अधिक समय से राजनीति में सक्रिय हैं। पार्टी के लिए पोस्टर चिपकाने से लेकर हर स्तर पर कार्य करने वाले पराक्रम सिंह इससे पहले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य भी रह चुके हैं।

लोकतंत्र में चुनाव लड़ना सबका अधिकार : राठौड़ : अपने पुत्र और पुत्रवधू के चुनाव लड़ने पर प्रतिक्रिया देते हुए राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ना सबका अधिकार है। उन्होंने कहा कि 40 साल के राजनीतिक कॅरियर में उनके परिवार से आज तक किसी ने चुनाव नहीं लड़ा था। जनता की मांग और पार्टी नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद ही उन्होंने मैदान में कदम रखा है। हम सब संगठन के अनुशासित सिपाही हैं।

खाली पड़े भूखण्डों की साफ-सफाई करवाने की हिदायत

सूरतगढ़। शहर के विभिन्न वार्डों में खाली पड़े भूखंडों में कचरा, झाड़-झंखाड़ व गंदगी जमा होने से बिगड़ रही स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगरपालिका प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। पालिका ने सभी भूखंड स्वामियों को सात दिनों में अपने भूखंडों की साफ-सफाई करवाने की हिदायत देते हुए सार्वजनिक अपील जारी की है। अधिशाषी अधिकारी गणपत राम की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि एक सप्ताह में सफाई नहीं करवाने पर नगरपालिका अपने स्तर पर सफाई करवाएगी और इसका खर्च संबंधित भूखंड स्वामी से नियमानुसार वसूल किया जाएगा। इसके बावजूद राशि जमा नहीं करवाने पर संबंधित भूखंड को नियमानुसार सीज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है और समस्त जिम्मेदारी संबंधित भूखंड स्वामी की होगी।

खालसा कॉलेज में स्काउट-गाइड शिविर एवं हेल्थ सेमिनार आयोजित



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। श्री गुरुनानक खालसा (पी.जी.) कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर और हेल्थ सेमिनार का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी सहायक आचार्य सुनीता शर्मा रही। प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि हेल्थ सेमिनार में स्थानीय लाजवंती मेमोरियल हॉस्पिटल की टीम ने सेवाएं दी। प्राचार्य व खालसा प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने हॉस्पिटल से आए हुए डॉ. कृष्ण लाल सोनी, डॉ. सुदेश, डॉ. मुस्कान का स्वागत किया। डॉ. मुस्कान, सहायक आचार्य सुमन पारीक, उपप्राचार्य कमल दीप, उपप्राचार्य डॉ. सुमन देवी ने बतौर मुख्य वक्ता स्वास्थ्य पर विचार रखें। डॉ. मुस्कान ने नारी स्वास्थ्य एवं समस्याओं के बारे मे विस्तृत चर्चा की। मंच संचालन सहायक आचार्य त्रिलोकाराम भाटी ने किया। रेंजर टीम प्रभारी व रेंजर को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक आचार्य दीपिका सैनी, बलराम, अभिषेक यादव, पीटीआई सुभाष चन्द्र, कार्यालय प्रभारी केशव बंसल, एल.डी.सी. शिवराज सिंह, सहायक कर्मचारी गुड्डी देवी, राज कौर, राजेंद्र सिंह व महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थी मौजूद रहे।

सरस्वती शिक्षण सदन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सरस्वती शिक्षण सदन एज्युकेशनल ग्रुप, 11 एलएनपी उद्योग विहार के महिला शिक्षक प्रशिक्षण व पीजी महाविद्यालय के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को एक दिवसीय सहशैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. पूजा रानी, व्याख्याता प्रियंशी खंडेलवाल व महेश गोदारा के नेतृत्व में विद्यार्थियों का दल सुबह 8:30 बजे महाविद्यालय वाहन से रवाना हुआ। दल ने श्रीगंगानगर चूनावढ़ कोठी स्थित सेठ सांवरा मंदिर के आध्यात्मिक व कलात्मक स्वरूप का अवलोकन किया तथा चानणा धाम स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किये। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, अध्यात्म और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना था।

दोपहर बाद यह ऊर्जा व श्रद्धा से भरपूर दल सकुशल महाविद्यालय वापस लौट आया।

मानकसर और सरदारपुरा लाडाना में स्वीप गतिविधियों से किया जागरूक



सीमा सन्देश # मानकसर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानकसर और सरदारपुरा लाडाना (2 एपी) में पंचायत चुनाव जागरूकता को लेकर स्वीप गतिविधियां आयोजित की गईं। सरदारपुरा लाडाना में विद्यालय की बालिकाओं ने गांव के अंबेडकर चौक सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली सजाकर 'वोट मेरा अधिकार' का संदेश दिया।

स्वीप कार्यक्रम प्रभारी बबली रानी ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी का महत्व समझाना है। इस मौके पर ग्रामीण मदन गुणपाल, रामकुमार पंवार और प्रेम सुथार भी मौजूद रहे। वहीं, विद्यालय मानकसर की प्रधानाचार्य सीमा बवेजा ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

लक्खाहाकम स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता के लिए सजाई रंगोली



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान द्वारा पंचायत चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यालय नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीगंगानगर द्वारा ग्रामीण पंचायत परिक्षेत्र में स्थित माध्यमिक व उमा राजकीय तथा निजी विद्यालयों में स्वीप गतिविधियां आयोजित करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत राउमा विद्यालय लखाहाकम के विद्यार्थियों द्वारा गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर मनमोहक और सतरंगी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया। रायसिंहनगर के सहायक स्वीप प्रभारी रणवीर बाना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य संदीप सिंह सेखों सहित स्टाफ सदस्य पुष्पा रानी, देवकी सोनी, और महेन्द्र कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पंचायती राज चुनाव : कांग्रेस प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

कांग्रेस की चुनावी तैयारियां तेज



सीमा सन्देश # चूरू। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को लेकर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को मंडेलिया हाउस में कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली और एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपने नामांकन पत्र जमा करवाए। चूरू विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद वार्ड संख्या 22 से संतोष बाबल, वार्ड 23 से आशा स्वामी, वार्ड 24 से शांति देवी देहडू, वार्ड 25 से लक्ष्मी देवी प्रजापत और वार्ड 26 से प्रकाश बुडानिया को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। पार्टी नेताओं के अनुसार, जिला परिषद के शेष 38 वार्डों में भी कांग्रेस प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि तारानगर के एक ब्लॉक में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन दिया गया है। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रभारी हाकम अली खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मेघवाल, सांसद राहुल कस्वां, विधायक नरेंद्र बुडानिया, पंडित केशरीचंद शर्मा, महेंद्र गोदारा, रियाजत खान, असलम खोखर और किशोर दांदू सहित कई प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाने के लिए अभियान का शुभारंभ

भाजपा और अंत्योदय प्रन्यास द्वारा सेवा कार्यों का आयोजन



सीमा सन्देश # सरदारशहर। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अंत्योदय प्रन्यास के तत्वावधान में सेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने राधे-कृष्ण गोसेवा शिविर में गायों को लापसी का गो-प्रसाद खिलाकर गोसेवा की। साथ ही, बालिकाओं के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाने के सप्ताहव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया। राजकीय विद्यालयों में शिविर लगाकर 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के डाकघर में खाते खुलवाए गए और अभिभावकों को बचत के प्रति जागरूक किया गया। अंत्योदय प्रन्यास के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि यह परंपरा पूरे सप्ताह जारी रहेगी। कार्यक्रम में अंत्योदय प्रन्यास के सरदारशहर संयोजक एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि राकेश टाक, कार्यक्रम संयोजक दुनीचंद जोशी, सहसंयोजक अभिषेक भोजक, मुरलीधर सैनी, गौरीशंकर शर्मा, मुकेश भामा, किशन मॉयल, नितिन स्वामी, दीनदयाल भाट, राधेश्याम भार्गव, किशन जांगिड़, गिरधारीलाल सैनी, राकेश जगरवाल, मुकेश सेवदा, अशोक भाटी, महावीर कड़वासरा, महेंद्र वर्मा, विक्रम जोशी, प्रशन धूत, गजानंद मिमानी, जितेश सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरदारशहर में हो रहे विकास कार्य

सीमा सन्देश # सरदारशहर। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों ने तेजी पकड़ ली है। सभापति अनीता टाक के नेतृत्व में शहरभर में सड़क निर्माण, नालियों पर जालियां लगाने और चैंबरों को ढकने सहित बुनियादी कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।

गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभापति अनीता टाक और सभापति प्रतिनिधि राकेश टाक स्वयं मौके का निरीक्षण कर रहे हैं। सभापति प्रतिनिधि राकेश टाक ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद पार्षदों से वार्डवार लिखित शिकायतें मंगाई गई थीं, जिनके आधार पर नाला निर्माण, सड़क मरम्मत और रोड लाइटें लगाने जैसे आवश्यक कार्य प्राथमिकता से शुरू करवाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदारों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

शरद पूर्णिमा महोत्सव के तहत बैंड बाजों के साथ निकली कलश यात्रा



सीमा सन्देश # सरदारशहर। ताल मैदान स्थित हनुमान मंदिर में चार दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के तहत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हनुमंत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा राजवाला कुएं के पास स्थित शिवालय से शुरू हुई। बैंड-बाजों के साथ निकली यात्रा में कथावाचक संत श्रीकृष्णानंद महाराज आगे चल रहे थे। मंदिर पहुंचने पर आरती के बाद कलश स्थापना की गई। इसके बाद दोपहर 2 बजे से हनुमंत कथा का वाचन शुरू हुआ। कथा आयोजन मंडल के महंत नरेंद्र स्वामी ने बताया कि चार दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रवचन होंगे। 24 अक्टूबर की रात 8:30 बजे बाबा श्याम का ताली कीर्तन होगा। 26 अक्टूबर को सुबह 5:15 बजे मंगला आरती व सुबह 8:15 बजे सुंदरकांड पाठ होगा। शरद पूर्णिमा की रात 8 बजे झांकियां सजाई जाएंगी। कलश यात्रा में महंत दयानाथ महाराज उदासर, प्रदीप पारिक, राकेश टाक, राजकरण चौधरी सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रत्तेवाला बालाजी धाम में भंडारा आज

सीमा सन्देश # रत्तेवाला। श्री बालाजी धाम के अध्यक्ष डॉक्टर बंसी राम राठौड़ ने बताया बाबा की बड़ी चौदस के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ व महाआरती के बाद शाम को भंडारा अटूट लंगर का वितरण और राम नाम कीर्तन होगा। श्रीबालाजी धाम की कमेटी के सभी सदस्यगण व लंगर सेवा कमेटी के सेवादार सेवाएं देंगे।

चूरू में सड़क हादसे में सात की मौत

सीमा सन्देश # चूरू। सादुलपुर थाना क्षेत्र में ददरेवा-तारानगर मार्ग पर रविवार सुबह खड़े ट्रक से कार टकराने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। थानाधिकारी राजेश सिहाग ने बताया कि हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। कार में सवार परिवार तारानगर के सोमसीसर गांव से गुड़गांव देवी के दर्शन व भोग लगाने जा रहा था।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गंभीर घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद चूरू रेफर किया गया।

12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शव का पोस्टमार्टम शनिवार को किया गया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि छात्रा 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही 17 वर्षीय छात्रा का शव शुक्रवार शाम पांच बजे उसके घर के ऊपर वाले कमरे में फंदे पर लटके मिला। उसने दोपहर में किसी समय आत्महत्या कर ली। उस समय घर में कोई नहीं था। शाम पांच बजे परिवार का कोई सदस्य घर आया तब खुदकुशी का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव अस्पताल पहुंचाया। शव का पोस्टमार्टम आज करवा कर परिवार वालों को सौंप दिया गया।

गोदारा इंडेन गैस एजेंसी ने मनाया आईटीबीपी का 65वां स्थापना दिवस



सीमा सन्देश # कालूवाला। गोदारा इंडेन गैस एजेंसी ने भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस का 65वां स्थापना दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। राजस्थान की इंडेन गैस एजेंसी वार्षिक मूल्यांकन में पिछले दिनों पूरे कालूवाला गोदारा गैस एजेन्सी राजस्थान में प्रथम स्थान पर रही। पूर्व सैनिक एवं एजेंसी के प्रोपराइटर जितेंद्र सिंह गोदारा नियमित रूप से सेना, वायुसेना, नौसेना और सभी अर्धसैनिक बलों के स्थापना दिवस मनाते रहते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम देश के वीर प्रहरियों के अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान के कारण सुरक्षित हैं। जवान सीमाओं की रक्षा के साथ आंतरिक सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में स्टाफ और स्थानीय नागरिकों को मिठाइयां बांटी गईं। श्री गोदारा ने सभी को भाईचारा, ईमानदारी, वफादारी और सत्यनिष्ठा के साथ देश के विकास में सहयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान एजेंसी का समस्त स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

नगर परिषद की साधारण सभा की पहली बैठक आयोजित



सीमा सन्देश # चूरू। नगर परिषद की पहली साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को सभापति विनय गोयनका की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें आठ एजेंडे सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक का मुख्य आकर्षण घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 8 करोड़ 35 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव रहा। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि सदन ने सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चूरू चौपाटी पर पूर्व सभापति रमाकांत ओझा की प्रतिमा स्थापित करने की मंजूरी दी है। मुख्य बाजार में यातायात सुधार के लिए सुभाष चौक से सफेद घंटाघर होते हुए गढ़ चौराहे तक और सब्जी मंडी क्षेत्र को नो-ट्रैफिक जोन घोषित किया गया है। इसके अलावा, परिषद के अनुपयोगी सामान व वाहनों की नीलामी और जनप्रतिनिधियों के आवास व गलियों के सामने नाम पट्टिकाएं लगाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपसभापति ओमप्रकाश इंदौरिया सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। पंचायत राज चुनाव 2026 के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चक 23 ओ स्थित राउमावि में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 11 की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदान के महत्व को दर्शाते हुए आकर्षक पोस्टर बनाए। इनके माध्यम से मतदाताओं को मतदान की महत्ता समझाते हुए अधिकाधिक मतदान का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य अमित बत्रा, व्याख्याता बजरंगलाल, सुनीता खोथ, बीएलओ मुकेश यादव, छात्राएं सोनिका, रीना, एकता, तनु सहित अन्य छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय परिवार ने ऐसी गतिविधियों को लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

सूरतगढ़ में पंचायती राज चुनाव: नामांकन पत्रों की जांच के बाद 80 प्रत्याशी मैदान में



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। स्थानीय पंचायत समिति के 23 जोन के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को उपखंड कार्यालय में नामांकन पत्रों की संवीक्षा (जांच) पूरी कर ली गई है।

निर्वाचन शाखा के आंकड़ों के अनुसार चार दिनों में कुल 99 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जांच के दौरान 11 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए, जबकि 8 नामांकन पत्रों को मर्ज किया गया। इसके बाद अब चुनाव मैदान में 80 प्रत्याशी शेष रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया 19 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसके पहले दिन 3, 21 अक्टूबर को 17, 22 अक्टूबर को 30 और अंतिम दिन 23 अक्टूबर को बड़ी संख्या में पर्चे दाखिल हुए थे। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रत्येक जोन में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी और इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, जिससे प्रचार अभियान में तेजी आएगी। इस बीच, टिकट न मिलने से नाराज होकर बागी व निर्दलीय रूप में मैदान में उतरे नेताओं को मनाने के लिए भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। दोनों प्रमुख दलों के सामने बागियों को समझाकर उनके नामांकन वापस करवाने की बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिसके लिए पार्टी नेता लगातार संपर्क साध रहे हैं।

निःशुल्क दिव्य औषधि युक्त खीर वितरण

सीमा सन्देश # खाजूवाला। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री चित्रापुर मठाधिपति परम पूज्य श्रीमत सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी के स्नेहिल आशीर्वाद से दमा, श्वास एवं एलर्जी से पीड़ित रोगियों के लिए दुर्लभ जड़ी-बूटियों से निर्मित दिव्य औषधि युक्त खीर का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। आयोजन 26 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे बाबा हरिराम मंदिर (ट्रस्ट), मीणा मार्केट, खाजूवाला, बीकानेर में आयोजित होगा। ट्रस्ट संयोजक आयुवेर्दाचार्य डॉ. राम सारस्वत ने बताया कि इस आयोजन के अंतर्गत विशेष जड़ी-बूटियों से तैयार औषधि युक्त खीर को शरद पूर्णिमा की रात्रि में कांसे की थालियों में रखकर चंद्रमा की रोशनी में रखा जाता है।

आयुर्वेद मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा की चंद्रमा की किरणों के संपर्क में रखने से खीर के गुणों में वृद्धि होती है चूँकि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा सोलह कलाओं से युक्त रश्मियाँ बिखेरता है ।

उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले सैकड़ों रोगी भाग लेते हैं तथा औषधि युक्त खीर प्राप्त करते हैं।

बीकानेर में जनस्वास्थ्य चुनौतियों पर मंथन, वन हेल्थ मॉडल पर जोर

सीमा सन्देश # बीकानेर। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में शनिवार से शुरू हुए दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 'राज आईएपीएसएम कॉन-2026' में जनस्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यापक मंथन हुआ। इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम) की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन की थीम 'सीमाओं के पार जनस्वास्थ्य का एकीकरण' रखी गई है। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने मरुस्थलीय क्षेत्रों की स्वास्थ्य समस्याओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, रोगों की रोकथाम और 'वन हेल्थ' अवधारणा पर विचार साझा किए। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने वैज्ञानिक सम्मेलनों को अनुभव और शोध साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताया। आईसीएमआर-एनआईएचआर, जोधपुर के निदेशक डॉ. पंकज भारद्वाज ने जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में शोध आधारित निष्कर्षों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सम्मेलन में मरुस्थलीय क्षेत्रों की स्वास्थ्य चुनौतियों, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम तथा सामुदायिक सहभागिता पर विभिन्न वैज्ञानिक सत्र और पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। साथ ही चिकित्सकों और शोधार्थियों ने पोस्टर एवं शोधपत्र प्रस्तुत कर अपने अध्ययन साझा किए। सम्मेलन का समापन रविवार को विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों के साथ होगा।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़

क्रमांकः- 3332 **''आम-सूचना''** दिनांकः- 21/10/2026

राजस्थान आवासन मण्डल की विशिष्ट पंजीकरण योजना में श्री ऋषि कुमार बहल पुत्र श्री मनीलाल बहल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को उच्च आय वर्ग आवास संख्या-8/429 पुरानी आवासीय योजना, राजस्थान आवासन मण्डल, हनुमानगढ़ के आवंटन पत्र क्रमांक 768 दिनांक 12.06.2012 को आवंटित किया गया। उक्त आवास का कब्जा श्री ऋषि कुमार बहल को दिनांक 24.12.2012 को दिया गया। श्री ऋषि कुमार बहल के पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2820 दिनांक 10.12.2012, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र क्रमांक 557-ए दिनांक 04.07.2023 व पंजीयन प्रपत्र क्रमांक 1037 दिनांक 17.12.2024 को जारी किये गये। जो कि दिनांक 27.12.2024 को उप पंजीयक कार्यालय हनुमानगढ़ में पंजीबद्ध करवा लिया। श्री ऋषि कुमार बहल की मृत्यु दिनांक 06.11.2025 को होने के पश्चात उनके वारिसान श्रीमति निर्मल तलवार पत्नि श्री कृष्ण कुमार ने उक्त आवास को अपने नाम हस्तांतरण हेतु नियमानुसार आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किये है, जिसके क्रम में उक्त आवास श्रीमति निर्मल तलवार पत्नि श्री कृष्ण कुमार के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः यदि किसी हितधारी को उक्त संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विधिवत् रूप से लिखित में मय साक्ष्य आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्ति के बाद मण्डल नियमानुसार आवास सं.-8/429, रा.आ.मं., पुरानी आवासीय योजना, हनुमानगढ़, श्रीमति निर्मल तलवार पत्नि श्री कृष्ण कुमार के नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। - **आवासीय अभियन्ता, राज० आवासन मण्डल, खण्ड हनुमानगढ़**

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांकः LU2012/SGN/2026-27/101583 **लोक सूचना** दिनांकः23-10-2026

किंग्स इंफ्रा डेवलपर्स एलएलपी जरिये पार्टनर श्री आशीष गुप्ता पुत्र श्री सुनील गुप्ता 2-बी-6, सुखाड़ियानगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं. /भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)
1	10 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर	किंग्स इंफ्रा डेवलपर्स एलएलपी जरिये पार्टनर श्री आशीष गुप्ता पुत्र श्री सुनील गुप्ता	चक 10 जैड मुरब्बा नं. 6 के किला नं. 1/1 में 0.0494 है. किला नं. 2/2 में 0.0494 है., किला नं. 3/1 में 0.0494 है. किला नं. 4/3 में 0.0494 है. किला नं. 5/1 0.0494 है. किला नं. 6 ता 25 में 0.2530 है. वबाकुल 5.307 हैक्टेयर	5.307 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के प्रयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एतद्वारके आईसी से लिए इन कर 90-A For Development Authority (UDA) अधिकार एवं वाक्य समर्थक दस्तावेज को आपत्ति कर अपना आक्षेप दर्ज करा सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.....को जारी की गयी। -**प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर**

जागरूकता की शपथ, पात्र नागरिकों को अपने वोट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया

अनूपगढ़: मानव शृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

सीमा सन्देश # अनूपगढ़



मतदाता जागरूकता क्लब के अंतर्गत सेठ बिहारीलाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता शपथ एवं मानव शृंखला निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मनप्रीत सिंह ने की।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने मतदाता जागरूकता की शपथ लेते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारीपूर्वक मतदान करने का संकल्प लिया। इसके बाद मानव शृंखला का निर्माण कर मतदान के महत्व का संदेश दिया गया तथा सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ईएलसी प्रभारी डॉ. ज्योति तथा मीना देवी के संयुक्त समन्वय से किया गया।

इस मौके पर संकाय सदस्य संदीप कुमार, राजपाल, बलजीत सिंह, डॉ. कुसुम लता शर्मा एवं हेमलता, निखिलेश शर्मा, रामचंद्र लिंबा सहित अन्य उपस्थित सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने तथा मतदान के समय अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

न्यूज इन ब्रीफ

आरएसएस का पथ संचलन आज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हनुमानगढ़ नगर की ओर से विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे टाउन स्थित भटनेर किले के सामने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (फोर्ट) के खेल मैदान में प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ नगर के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल होंगे। हनुमानगढ़ जिला कार्यवाह नीरज शर्मा ने बताया कि विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से देशभर में पथ संचलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में हनुमानगढ़ नगर में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन के साथ होगा। इसके पश्चात मुख्य वक्ता संबोधित करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री डॉ. संतोष राजपुरोहित तथा मुख्य वक्ता के रूप में जोधपुर प्रांत धर्म जागरण संयोजक देवेंद्र प्रकाश मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता के बौद्धिक के पश्चात सुबह 10.50 बजे स्वयंसेवक घोष की धुन पर अनुशासनबद्ध तरीके से नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन करेंगे।

गोयल बने अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रमेश अग्रवाल तथा राष्ट्रीय उप महामंत्री राधेश्याम शेरेवाला शनिवार को जिला स्तरीय दौरे पर हनुमानगढ़ पहुंचे। जंक्शन स्थित व्यापार मंडल धर्मशाला परिसर में संगठन एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों तथा महिला इकाई की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अमृतलाल गोयल को हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष, दीपक जिंदल को महामंत्री और प्रदीप मित्तल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, समाज की एकजुटता के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए सुनीता अग्रवाल को महिला जिलाध्यक्ष पद पर पुनर्निर्युक्त किया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने समाज के प्रतिष्ठानों, युवाओं के ब्लड ग्रुप तथा विवाह योग्य युवक-युवतियों का दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

हनुमानगढ़ : 11 नवंबर से सजेगा क्रिकेट का रोमांच, बीपीएल-7 में भिड़ेंगी 12 टीमें

भटनेर किंग्स क्लब की पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू, खेल के साथ सामाजिक सरोकारों को भी आगे बढ़ा रहा क्लब

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। शहर में क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। भटनेर किंग्स क्लब की ओर से भटनेर प्रीमियर लीग (बीपीएल) के सातवें सीजन का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक किया जाएगा। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन को लेकर क्लब सदस्यों में उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं क्रिकेट प्रेमियों को भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने का मौका मिलेगा। बीपीएल-7 की तैयारियों को लेकर क्लब



सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रतियोगिता की रूपरेखा, टीमों की भागीदारी, व्यवस्थाओं और आयोजन को सफल बनाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। क्लब संरक्षक आशीष विजय और अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल सहित सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। सदस्यों ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी टीमों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

सामाजिक सरोकारों को जोड़ने का प्रयास

भटनेर प्रीमियर लीग में राज नंदा एंड करण की हिमालयन टाइटंस, महक एंड खुशनीत की टाइगर्स, गिल्होत्रा एंड गौरव की हॉक्स, अनिल एंड प्रगट की चीटाज, आशीष एंड सरपंच की किंग्स, वतन एंड सत्ती की शार्क्स, लेखराज एंड कपिल की स्ट्राइकर्स, विशाल एंड सोनू की फायरबर्ड्स, कत्याल एंड संदीप की रॉयल्स, कुलभूषण एंड हरि की वॉरियर्स, सतनाम एंड ऋषभ की स्मेशर्स तथा विशाल एंड गोपाल की वॉरियर्स टीम हिस्सा लेंगी। बैठक में आशीष विजय, कुलभूषण जिंदल, सतनाम सिंह, हरि चारण, कपिल गोयल, एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा, सतविंद्र सिंह, विशाल मुदगिल, विशाल छाबड़ा, लेखराज गिरधर, महक गर्ग, राज नंदा, गौरव बेनीवाल, प्रगट सिंह, अनिल नैण, खुशनीत सिंह, संदीप चौधरी, सोनू गजरा, मनप्रीत सिंह और ऋषभ शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। आशीष विजय ने बताया कि भटनेर प्रीमियर लीग अपनी शुरुआत से ही क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ने के प्रयासों के लिए जानी जाती है।

40 किलो मिठाई व ग्लूकोज लिक्विड नष्ट करवाया

अभियान : नोहर में खाद्य सुरक्षा दल की कार्रवाई, मिठाइयों के नमूने लिए

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और सैंपलिंग की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में शनिवार को नोहर में खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। इस दौरान 40 किलो मिठाई और ग्लूकोज लिक्विड को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। वहीं, जांच में अनसेफ पाए गए मधुबन ब्रांड के 90 लीटर घी भी नष्ट करवाया गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दल ने नोहर स्थित मैसर्स जीण माता भोजनालय से सब्जी, मैसर्स स्वामी मिष्ठान भंडार से मिल्क केक एवं रसगुल्ला, मैसर्स श्री हरि स्वीट्स से मावा एवं काजू कतली तथा मैसर्स कृष्णा एजेंसी से गाय के घी, मावा एवं मावा मिठाई के नमूने संग्रहित किए।



स्वच्छता मानकों की पालना के निर्देश

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा दल ने खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और रखरखाव में स्वच्छता मानकों की पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। दल ने खाद्य कारोबारियों को त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्चना यादव, गार्ड योगेश शर्मा एवं वाहन चालक गुरुशरण सिंह शामिल रहे।

90 लीटर घी नष्ट करवाया

इसके अलावा मैसर्स पारीक स्वीट्स से मावा मिठाई का नमूना लिया गया। मैसर्स स्वामी मिष्ठान भंडार से 40 किलो मिठाई एवं ग्लूकोज लिक्विड मौके पर ही नष्ट करवाया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि गत दिवस जांच में मधुबन ब्रांड का घी अनसेफ पाया गया था। इसके बाद मैसर्स मुकेश एंड संस के पास से मधुबन ब्रांड का 90 लीटर घी मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य पदार्थों के संग्रहित नमूनों को जांच के लिए बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई में डीएसटी और एजीटीएफ ने भी की मदद

गोलूवाला : पुलिस ने महिंद्रा एक्सयूवी-500 से पकड़ा 40 लाख रु. का चिट्टा

सीमा सन्देश # गोलूवाला। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत गोलूवाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 191 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नशे की खेप ले जाने में इस्तेमाल की जा रही महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार भी जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने, नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने और तस्करी के मामलों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत गोलूवाला थाना प्रभारी जितेंद्र स्वामी के नेतृत्व में उप निरीक्षक गुरदेव सिंह और पुलिस टीम गश्त कर रही थी।

इनको किया गया गिरफ्तार



इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरविन्द्र सिंह (26) पुत्र केवल सिंह ढिल्लों निवासी गांव मालूवाला रामरोणी पीएस चभाल जिला तरनतारन, पंजाब, राजाराम (25) पुत्र वजीर चंद वाल्मीकि निवासी गांव मोतीवाला पीएस गुरुहरसहाय जिला फिरोजपुर, पंजाब और गुरपिन्द्र सिंह (27) पुत्र नरेंद्र सिंह ढिल्लों निवासी गांव कोटली सुरसिंह पीएस भिखी पिंड जिला तरनतारन, पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 191 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस ने उनके इस्तेमाल में लाई जा रही महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार नंबर पीबी 46 एएल 4004 भी जब्त की। इस संबंध में गोलूवाला पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच हनुमानगढ़ टाउन थाना प्रभारी लखवीर सिंह गिल को सौंपी गई है।

इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका: कार्रवाई में गोलूवाला थाना के उप निरीक्षक गुरदेव सिंह, सहायक उप निरीक्षक हरिराम, कांस्टेबल सर्वजीत सिंह, विक्रमजीत और संजय कुमार शामिल रहे। कार्रवाई में डीएसटी सेक्टर हनुमानगढ़ तथा एजीटीएफ हनुमानगढ़ का विशेष सहयोग रहा।

शाम को तेज धूल भरी आंधी से जन-जीवन प्रभावित

सीमा सन्देश # चारणवासी। शनिवार सुबह से मौसम परिवर्तनशील रहा, दोपहर बाद करवट बदली और बादलवाही हो गई। कई गांवों में बूंदाबांदी हुई लेकिन शाम चार बजे से एक घंटा चली धूलभरी आंधी से जन-जीवन प्रभावित हुआ। रेत के उड़े गुब्बार से घरों में मिट्टी के ढेर लग गए। खेतों में चल रहा नरमा-कपास चुगाई का कार्य प्रभावित हुआ। किसानों ने बताया कि चुगाई के इंतजार में खड़ी कपास की फसल को नुकसान हुआ। कपास की फसल के जमीन में गिरे रेसों को चुगाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। शाम को आसमान में गहरी बादलवाही छाई हुई थी और चल रही तेज हवा से मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं किसान ओलावृष्टि की चेतावनी से पक्की फसलों व नव अंकुरित सरसों की फसल को लेकर चिंतित नजर आए।

जूडो में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी मनीषा कस्वां का स्वागत

कोच ने बताया जिले के लिए गौरव की बात



सीमा सन्देश # बरवाली। नजदीकी गांव भरवाना की बेटी मनीषा कस्वां के जूडो में गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर गांव में भव्य स्वागत किया गया। मनीषा की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस सफलता को हनुमानगढ़ जिले के लिए गौरव की बात बताया जा रहा है। मनीषा की कोच राजस्थान केसरी राजबाला गोस्वामी ने बताया कि मनीषा ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता के पीछे मनीषा के माता-पिता का विशेष सहयोग रहा है। मनीषा ने भी अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच राजबाला गोस्वामी और परिवार के सदस्यों के सहयोग को दिया। इस अवसर पर मोमनवास की खिलाड़ी अंजली का भी सम्मान किया गया। अंजली ने स्कूल स्तर पर खेलों में भाग लिया, जबकि मनीषा डूंगरगढ़ में कॉलेज स्तर की प्रतियोगिता में खेलकर लौटी हैं। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई।

मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता



सीमा सन्देश # टोपरियां। शनिवार को क्षेत्र में पूरे दिन मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह आसमान में बादल छाए रहे, जबकि शाम को तेज आंधी चलने से आसमान में धूल का गुबार फैल गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, आंधी के बाद ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्र के ढंढेला, भगवान देईदास और ढाणी लालखा वाली गांवों में मौसम अचानक बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों अजय कुमार और अमित कुमार ने बताया कि खेतों में बाजरा और नरमा की फसल खड़ी है, जबकि सरसों और चने की बुवाई का काम चल रहा है। किसानों को आशंका है कि यदि तेज बारिश होती है तो खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, बारिश होने से सरसों और चने की बुवाई के काम पर भी असर पड़ने की संभावना है। ऐसे में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

पंचायत चुनाव को लेकर मंगेज चौधरी ने भाजपा और कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव में इस बार माकपा अपना प्रधान बनाएगी। जनता दोनों पार्टियों से अब ऊब चुकी है। इन चुनाव में नागप तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी। यह बात माकपा नेता मंगेज चौधरी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। मंगेज चौधरी ने कहा कि गांव की बुनियादी समस्याओं को लेकर माकपा चुनाव मैदान में है। उन्होंने बताया कि दोनों पार्टियों ने सदैव वोट के नाम पर आम जनता के साथ छलावा किया है। नोहर क्षेत्र के अनेक गांवों में सिंचाई



पानी की तो दूर की बात पीने के पानी की भी समस्या लंबे समय से बनी हुई है। मंगेश चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने एक साजिश के तहत फसल बीमा क्लेम को खत्म करने का प्रयास किया है मगर माकपा का फसल बीमा क्लेम को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

भाजपा नेताओं ने गांवों में किया घर-घर जनसंपर्क

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। इसी क्रम में ब्लॉक नंबर 8, ललानिया-खरसंडी पंचायत एवं जोन नंबर 18 में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान चुनाव प्रभारी डॉ. चेतनदास राजपुरोहित, प्रभारी बसंत तिवाड़ी, जिला उपाध्यक्ष छोटूलाल सेवग, विकास बंसल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने गांव नीमला और मंदरपुरा में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान ब्लॉक नंबर 8 के उम्मीदवार कालूराम फौजी, जोन नंबर 8 के उम्मीदवार अंजनी कुमार शर्मा तथा ब्लॉक नंबर 10 के उम्मीदवार हंसराज के समर्थन में ग्रामीणों से संपर्क कर समर्थन की अपील की गई। चुनाव प्रभारी डॉ. चेतनदास राजपुरोहित ने कहा कि पंचायत चुनाव में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी एकजुटता और समर्पण के साथ चुनाव मैदान में जुटे हुए हैं। घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया जा रहा है, उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को सुना जा रहा है।

मां काली मंदिर में नवरात्र समापन पर हवन यज्ञ, भंडारा लगाया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नवरात्र पर्व के समापन पर शनिवार को टाउन में जंक्शन रोड स्थित जय मां काली माता मंदिर इच्छापूर्ण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां काली के दरबार में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी पंडित अनिल शर्मा ने मां काली की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। इसमें मुख्य यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं। हवन-यज्ञ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर यादवेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज सैनी, मनोज स्वामी, रोहिताश शर्मा, अमीचंद, हंसराज, सुरेंद्र सिंह, पंकज शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

संवीक्षा के दौरान सामने आया मामला, नियमों का उल्लंघन मिलने पर हो सकती है कार्रवाई

सरकारी कर्मचारी के प्रस्तावक बनने का मामला चर्चा में

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत समिति चुनाव के बीच नोहर में एक सरकारी कर्मचारी के कथित तौर पर पंचायत समिति सदस्य पद के प्रत्याशी के नामांकन पत्र में प्रस्तावक बनने का मामला चर्चा में आ गया है। मामला सामने आने के बाद प्रशासन जांच में जुट गया है। यदि जांच में सरकारी कर्मचारी की भूमिका सेवा नियमों के विपरीत पाई जाती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।जानकारी के अनुसार, नोहर पंचायत समिति के ब्लॉक नंबर 21 में एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी के नामांकन पत्र में कथित तौर पर एक सरकारी कर्मचारी प्रस्तावक बना है। सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने से जुड़े नियमों के मद्देनजर इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। शनिवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की संवीक्षा का कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। सरकारी कर्मचारियों पर लागू सेवा नियमों के तहत राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी से संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।

जोन 24 में गुलाब सींवर और शबनम गोदारा आमने-सामने, जोन 23 भी बना चर्चा का केन्द्र

जोन 23 में तीन विधानसभा क्षेत्रों के संगम से रोचक हुए चुनावी समीकरण

- जीतराम चांवरिया -

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के बीच जोर-आजमाइश शुरू हो गई है। जिलेभर में जोन संख्या 24 सबसे हॉट सीट के रूप में चर्चा में बनी हुई है। वहीं, जोन संख्या 23 भी तीन विधानसभा क्षेत्रों के संगम के कारण चुनावी चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। जोन संख्या 24 में भाजपा और कांग्रेस ने दो दिग्गज महिला नेत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा नेत्री गुलाब सींवर को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने



शबनम गोदारा पर दांव खेला है। दोनों महिला नेत्रियां संगरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुकी हैं। गुलाब सींवर इस क्षेत्र से एक बार जिला परिषद सदस्य भी निर्वाचित हो चुकी हैं, जिसके चलते क्षेत्र में उनकी पकड़ बनी हुई है। दूसरी ओर, क्षेत्र में कांग्रेस के अधिक मतदाता होना भाजपा के लिए चुनौती बना हुआ है। ऐसे में इस जोन में दोनों दलों के बीच मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है।

जोन 23 में तीन विधानसभा क्षेत्रों का संगम: गांव मिर्जावाली मेर क्षेत्र के जोन संख्या 23 में भी भाजपा और कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी घोषित कर नामांकन दाखिल करवा दिए हैं। इस जोन से भाजपा ने रजनीश कस्वां को, जबकि कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी समेस्ता उग्रसेन को चुनाव मैदान में उतारा है। यह जोन संगरिया, पीलीबंगा और नोहर विधानसभा क्षेत्रों के संगम से बना है। तीन विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ा होने के कारण यह सीट भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। वहीं, एक निर्दलीय उम्मीदवार भी दोनों दलों के चुनावी समीकरणों को चुनौती दे सकता है।

रावतसर : डॉक्टर अनिल कुमार जैप ने किया राजकीय महाविद्यालय का औचक निरीक्षण

सीमा सन्देश#रावतसर।

राजकीय महाविद्यालय, रावतसर का शनिवार को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के प्रतिनिधि डॉ. अनिल कुमार जैप द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया तथा महाविद्यालय की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत करवाने, खेलकूद से संबंधित सुविधाओं का विस्तार करने तथा अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने की मांग रखी।



उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे

विद्यार्थियों ने कहा कि महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत करने एवं खेल सुविधाओं सहित आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। डॉ. जैप ने विद्यार्थियों की मांगों एवं महाविद्यालय की आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने की दिशा में सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार गोदारा, श्रीमती नर्मदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर से सुरेन्द्र कुमार पुनियां, महाविद्यालय से प्रीति स्वामी, सुनील कुमार, डॉ. महेन्द्र कुमार, गौरी शंकर, डॉ. महावीर, मुकेश कुमार, मनोज कुमार सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कलक्टरेट में पशु बांधने की चेतावनी

हनुमानगढ़। जंक्शन के वार्ड नंबर 9 में निराश्रित पशुओं की बढ़ती समस्या से परेशान वार्डवासियों और भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षद मनप्रीत सिंह सैनी का गुस्सा फूट पड़ा है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन पशुओं को गोशाला या नंदीशाला में नहीं भिजवाया गया, तो वे इन्हें पकड़कर जिला कलक्ट्रेट और नगर परिषद कार्यालय में छोड़ देंगे। वार्डवासी आकाश नायक ने आरोप लगाया कि सरकारी अनुदान राशि का सही उपयोग नहीं हो रहा है, जिससे वार्ड 'खुली गोशाला' बन चुका है। सड़कों पर जमा पशुओं के कारण बुजुर्गों, आंगनबाड़ी और स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा के लिए साथ में डंडा लेकर जाना पड़ रहा है।

बकाया भुगतान जारी करे सरकार

हनुमानगढ़। एसआरएस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की तहसील इकाई ने दीपावली से पहले शिक्षा का अधिकार के तहत निजी विद्यालयों का लंबित पुनर्भरण भुगतान जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से भुगतान अटका होने के कारण विद्यालयों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इससे शिक्षकों व कर्मचारियों को समय पर वेतन, बोनस और अग्रिम राशि देना तथा बिजली-पानी के बिल व भवन का किराया चुकाना मुश्किल हो गया है।

पावन पाठो का प्रकाश

सीमा संदेश # संगरिया। डेरा बाबा कमलदेव उदासीन वार्ड नंबर 2 में भगवान श्री चंद्र महाराज का 532 वाँ प्रकाश दिवस मनाने के लिए श्री सिद्धांत सागर ग्रंथ के पावन पाठो का प्रकाश कर दिया गया है। संत कमल देव ने कहा कि भगवान श्री चंद्र महाराज के प्रकाश दिवस पर 28 अक्टूबर को श्री सिद्धांत सागर ग्रंथ के पावन पाठो का भोग डाला जाएगा। आज इस अवसर पर हरप्रीत सिंह, डॉ देवेंद्र सिंह, जगतार सिंह,पूनम गोस्वामी, दयानंद खती,लखविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

सफाई व्यवस्था पर रहेगी पैनी नजर, बिना बताए गायब रहने वाले कर्मचारियों की होगी छुट्टी, ड्यूटी से नदारद रहने पर तुरंत प्रभाव से होगी कार्रवाई

नोहर : दीपावली से पहले नोहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगरपालिका सख्त

सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली के पर्व को देखते हुए शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगरपालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में नगरपालिका कार्यालय में सफाई कर्मचारियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरुन्निशा टाक व अधिशासी अधिकारी (ईओ) गिरिराज रतनू ने सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में स्पष्ट किया कि दीपावली के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सफाई कर्मचारियों की फील्ड में उपस्थिति अनिवार्य रहेगी तथा उन्हें निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य करना होगा।



दीपावली पर शहर को सुंदर बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता

अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान शहरवासियों को कचरे और गंदगी की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। नगरपालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और उपस्थिति पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाए जाने या निर्धारित कार्य में लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्यूटी पर नहीं मिलने वाले कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरुन्निशा टाक व ईओ गिरिराज रतनू ने कहा कि दीपावली के त्योहार पर शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ ही कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी।

मेहरुन्निशा टाक ने बताया कि शहर कि सफाई व्यवस्था को ओर अधिक चाक चौबंद बनाने के लिए 40 वार्डों को चार जोन में बांटा गया है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन ने शहरवासियों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन का उद्देश्य है कि दीपावली के अवसर पर नोहर शहर स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नजर आए तथा लोगों को साफ-सुथरे वातावरण में त्योहार मनाने का अवसर मिले।

रोड़ांवाली में तड़के तीन बजे हुआ हादसा, टेंपो का केबिन बुरी तरह पिचका

बस-टेंपो की भीषण भिड़ंत, चालक की मौत, ट्रैक्टर से खींचकर निकाला

बस चालक-परिचालक मौके से फरार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अबोहर मार्ग स्थित गांव रोड़ांवाली में शनिवार तड़के स्लीपर कोच बस और टेंपो की आमने-सामने की भिड़ंत में टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो का केबिन बुरी तरह पिचक गया और चालक का शव उसमें फंस गया। पुलिस ने ट्रैक्टर की मदद से केबिन के मुड़े हुए हिस्से को खिंचवाकर शव बाहर निकाला। मृतक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिलने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, शनिवार अल सुबह करीब तीन बजे गांव में रामदेव मंदिर के सामने यह हादसा हुआ। उत्तराखंड नंबर की स्लीपर बस यूके 07 पीए 6796 सादुलशहर की तरफ से हनुमानगढ़ आ रही थी, जबकि चूरू नंबर का टेंपो आरजे 10 जीबी 9952 जीरे की सप्लाई के लिए अबोहर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई और टेंपो बस में घुस गया।



टेंपो का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हादसे की सूचना मिलने पर सिटी थाने से उप निरीक्षक गजेंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टेंपो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण शव निकालने में परेशानी हुई। सामान्य तरीके से प्रयास सफल नहीं होने पर ट्रैक्टर मंगवाया गया। इसकी मदद से केबिन के मुड़े हुए हिस्से को खींचकर अलग किया गया, जिसके बाद शव बाहर निकाला जा सका।

हादसे के कारणों की जांच शुरू, चालक परिचालक की तलाश

पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। तलाशी के दौरान मृतक के पास से एक टूटा हुआ मोबाइल फोन मिला, जबकि कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला। पुलिस टेंपो के नंबर के आधार पर उसके मालिक और मृतक के परिजनों का पता लगाने के साथ मोबाइल फोन से भी सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। दुर्घटना के कारण सड़क पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक-परिचालक की तलाश की जा रही है।

दीपावली पर बाजार की व्यवस्थाओं को लेकर व्यापारियों के साथ बैठक

सफाई, यातायात व सुरक्षा इंतजामों पर हुई चर्चा



सीमा सन्देश # नोहर। दीपावली पर्व को बाजार में आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर उपखंड अधिकारी सुनीता यादव की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीपावली के दौरान बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में संयुक्त व्यापार संघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने कहा कि दीपावली के अवसर पर बाजार में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने, नियमित सफाई करवाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि आमजन और व्यापारियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

असामाजिक तत्वों के खिलाफ हो कार्रवाई

बैठक के दौरान व्यापारियों ने नोहर में कथित अवैध नशे के कारोबार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन से आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका है। व्यापारियों ने अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने तथा असामाजिक और आपराधिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग उठाई। इसके अलावा, हाल ही में मोटरसाइकिल को साइड देने के विवाद में एक दुकानदार के साथ कथित मारपीट की घटना का मुद्दा भी उठाया गया। व्यापारियों ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और बाजार में भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उपखंड अधिकारी सुनीता यादव ने व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने दीपावली के दौरान बाजार की व्यवस्थाओं में सुधार करने तथा व्यापारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक में संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मोदी, महामंत्री राजकुमार कंदोई, मंत्री ओमप्रकाश लालवानी, अमित हिसारिया, बसंत तिवाड़ी, इंद्र अग्रवाल, अनिल कड़वासरा, मोहनलाल डाबी, प्रयाग चंद, मुकेश बंसल, सांवरमल हिसारिया, किशन चाचाण, पवन कंदोई, त्रिलोक बंसल, दिनेश मोदी, रफीक चौहान, राजेश कुमार, चम्पालाल रानीयांवाले, राजपाल बिजारणिया, भेराराम सहारण एवं मांगीलाल बजाज सहित अन्य व्यापारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

पहले दिन 7 जगह हुई कार्रवाई, सोमवार से निजी संस्थानों पर भी होगी

टेंडर से पहले अवैध होर्डिंग्स साइट पर चला 'पीला पंजा', विज्ञापन की नई दरें हुई तय

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। नगरपरिषद क्षेत्र में नए होर्डिंग टेंडर की प्रक्रिया से ठीक पहले अवैध होर्डिंग और विज्ञापन साइटों के खिलाफ नगरपरिषद ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। परिषद की ओर से अवैध होर्डिंग्स साइट और विज्ञापनों पर पीला पंजा चलाया गया है, जिसके तहत अगले सात दिनों में अधिकारियों की विशेष टीम नगरपरिषद सीमा क्षेत्र में स्थित सभी अनधिकृत होर्डिंग साइट्स और विज्ञापन ढांचों को पूरी तरह हटाएगी। इस पूरी कार्रवाई के लिए राजस्व अधिकारी अमनदीप सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही, कनिष्ठ अभियंताओं को अपने-अपने वार्डों के अंतर्गत आने वाली होर्डिंग साइट्स और विज्ञापन ढांचों का सर्वे कर उन्हें चिह्नित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सफाई निरीक्षकों को भी इस अभियान में लगाया गया है।



पांच हिस्सों में बंटी शहर की साइट्स

नियोजित ढंग से राजस्व वसूली और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नगरपरिषद ने शहर में स्थापित होर्डिंग साइट्स को पहले ही पांच अलग-अलग हिस्सों में पहले ही विभाजित कर दिया है। जब तक आगामी टेंडर या नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक के लिए एक वैकल्पिक और स्पष्ट व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत, सरकारी साइट्स या संपत्तियों पर लगने वाले अधिकृत विज्ञापनों के अलावा, यदि कोई निजी संपत्ति पर होर्डिंग या बैनर लगाना चाहता है, तो उसके लिए पहली बार स्पष्ट दरें तय कर दी गई हैं।

दर 1.40 रु प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन

नगरपरिषद से मिली जानकारी अनुसार विज्ञापन प्रदर्शन की दर 1.40 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन तय की गई है। इस निर्धारित दर के अतिरिक्त नियमानुसार जीएसटी का भुगतान करना होगा। विज्ञापन लगाने वाले आवेदक या विज्ञापनकर्ता को संबंधित स्थल के स्वामित्व प्रमाण/अनुमति, यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और अन्य वैधानिक शर्तों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करनी होगी। नगरपरिषद अधिकारियों के अनुसार अब तक निजी सम्पति में साइट लगाकर होर्डिंग लगाने वालों पर भी कार्यवाही होगी। टीम निजी सम्पति पर लगे ऐसे होर्डिंग और बैनर भी हटाएगी।

शरद पूर्णिमा पर होगा विशेष पूजन

श्रीगंगानगर। सेतिया कॉलोनी गली नंबर-3 स्थित हाथी वाले श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शरद पूर्णिमा एवं श्री गणेश महोत्सव समापन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर पुजारी शिवनारायण मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर विधि-विधान से श्री गणपति महाराज का पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन होगा। कार्यक्रम में श्री गणपति महाराज, श्री बालाजी महाराज और खाटू वाले श्री श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। श्री दादाजी संकीर्तन मंडल एवं श्री गणेश महिला संकीर्तन मंडल की ओर से देवी-देवताओं की महिमा का गुणगान किया जाएगा। भजन गायकों द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मंदिर में आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। पुजारी विजय मिश्र, लक्ष्मीनारायण मिश्र और शिवनारायण मिश्र पूजा-अर्चना करवाएंगे। 36 वर्षों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां समय-समय पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं।

गोलूवाला: खिलाड़ियों का सम्मान



गोलूवाला। स्थानीय सरस्वती मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का भव्य स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीआई पुलिस थाना गोलूवाला जितेंद्र स्वामी रहे तथा अध्यक्षता नगरपालिका चेयरमैन ताराचन्द राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद जगतपाल निवाद, ओम माली, श्यामलाल स्वामी एवं रायसिंह कालवा रहे। भरतपुर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में योगेश गहलोत पुत्र प्रदीप कुमार, हरदयालपुरा ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड व 200 मीटर दौड़ में सिल्वर, स्नेहा भांभू पुत्री रणवीर भांभू, पक्काभादवा ने पोल वॉल्ट में सिल्वर तथा एकलव्य पुत्र डॉ. चन्द्रप्रकाश प्रजापत, गोलूवाला ने तीरंदाजी में सिल्वर मेडल जीता। स्नेहा भांभू दिसंबर 2026 में करनाल (हरियाणा) एवं योगेश गहलोत मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान खिलाड़ियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। सीआई जितेंद्र स्वामी ने विजेताओं को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, संदिग्धों की सूचना पुलिस-प्रशासन को देने और दुपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने का आह्वान किया। मंच संचालन कालूराम राठौड़ ने किया। अंत में संस्था प्रधान मदन गोपाल शर्मा ने सभी का आभार जताया।

'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत हुआ आयोजन

हनुमानगढ। जिला कलक्टर के निदेर्शानुसार शनिवार को टाउन स्थित नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय में 'नशा मुक्त भारत अभियान' पर विशेष व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सीताराम ने युवाओं में बढ़ते नशे के रुझान पर चिंता जताते हुए रोकथाम के लिए तीन मुख्य सूत्र बताए–नशे को स्पष्ट रूप से 'ना' कहें, हेल्पलाइन नंबर 14446 को कम से कम 10 लोगों तक पहुंचाएं, और 5 साथियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाएं। विधिक सेवा क्लीनिक प्रभारी डॉ. बृजेश अग्रवाल ने सामाजिक आंकड़ों का हवाला देते हुए सामूहिक जागरूकता पर जोर दिया। इस दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में निधि गोयल व निशु (संयुक्त प्रथम), सुदेश व प्रदीप (संयुक्त द्वितीय) और पूनम कंवर (तृतीय) रहीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता में दया (प्रथम), पीयूष (द्वितीय) और सुदेश (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया।

शानदार उपलब्धियों पर संस्था संचालकों ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया

संगरिया : राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एसकेएम पब्लिक स्कूल के 9 खिलाड़ियों का हुआ चयन

सीमा संदेश # संगरिया। एस.के.एम. पब्लिक स्कूल, ग्रामोत्थान विद्यापीठ ने खेल के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की। 31वीं जिला स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के 09 खिलाड़ियों का चयन 69वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भी विद्यालय की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्र वर्ग में प्रथम स्थान और छात्रा वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों - 19 वर्षीय छात्र वर्ग बास्केटबॉल- विशाल और मोहित पूनिया, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग बास्केटबॉल- खुशमीत कौर, 19 वर्षीय छात्र वर्ग वॉलीबॉल- शुभम, 17 वर्षीय छात्रा वर्ग राइफल शूटिंग (10 मीटर एयर पिस्टल)- रौनक, 14 वर्षीय छात्र वर्ग लॉन टेनिस- रुद्र, 19 वर्षीय छात्र वर्ग बैडमिंटन- पवनदीप एवं 19 वर्षीय छात्रा वर्ग एथलेटिक्स में आस्था को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।



धावक आस्थ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

धावक आस्था पुत्री दारा सिंह ने जिला स्तर पर 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। 19 वर्षीय छात्र वर्ग एथलेटिक्स- जेवलिन थ्रो में रुद्र प्रताप ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी क्रम में कक्षा 12 के छात्र मनदीप सिंह ने जिला स्तर पर एथलेटिक्स के शाट पुट मे तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय की 19 वर्षीय छात्र बास्केटबॉल टीम को जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। खेल की इन उपलब्धियां पर ग्रामोत्थान विद्यापीठ, सचिव सुखराज सिंह सलवारा एवं प्राचार्य एस. के. मुरारी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय परिवार की ओर से कबड्डी कोच गुरलाल सिंह, कविता, बास्केटबॉल कोच अरविंद कुमार , ओम प्रकाश, योग शिक्षिका रमा देवी और खेल विभाग कोऑर्डिनेटर रूप सिंह को बधाई दी गई।

एशियन पब्लिक स्कूल में कार्यशाला

35 बीबी। एशियन पब्लिक स्कूल परिसर में अग्निशमन दल के सहयोग से एक दिवसीय अग्नि सुरक्षा एवं बचाव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन कर्मचारी सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। अग्निशमन दल ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने, सुरक्षित बाहर निकलने और अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग करने का व्यावहारिक प्रदर्शन (डेमो) करके दिखाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपक पाठक, विद्यालय प्रभारी विवेक पाठक, समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। प्रदर्शन के माध्यम से सभी ने आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं को सीखा। विद्यालय प्रशासन ने नगर पालिका गजसिंहपुर के अधिशासी



अधिकारी व अग्निशमन टीम का आभार व्यक्त किया। प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सतर्कता व जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं और सभी से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

इंदौरा ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी पर उठाए सवाल

श्रीगंगानगर । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रव्यापी ह्वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत श्रीगंगानगर सांसद एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक कुलदीप इंदौरा ने उत्तर प्रदेश के हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट जिला मुख्यालयों पर आयोजित प्रेस वार्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी द्वारा इन तीनों जिलों के प्रभारी नियुक्त किए गए सांसद इंदौरा ने मीडिया के समक्ष चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मतदाता सूची में पारदर्शिता को लेकर पार्टी का पक्ष मजबूती से रखा। प्रेस वार्ता के दौरान सांसद इंदौरा ने मतदाता सूचियों में हो रही गंभीर विसंगतियों, पात्र मतदाताओं के नाम जानबूझकर काटे जाने और मताधिकार पर हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव ही



भारतीय लोकतंत्र की असली आत्मा हैं। प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना और चुनावी प्रक्रिया में शुचिता बनाए रखना ही इस राष्ट्रव्यापी अभियान का प्राथमिक उद्देश्य है। अभियान के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके अंतर्गत गांव-गांव चौपालों और बैठकों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही, ब्लॉक अध्यक्ष और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मिलकर बूथवार मतदाता सूचियों का घर-घर सत्यापन करेंगे, ताकि किसी भी वैध मतदाता का नाम कटने न पाए। अंत में सांसद इंदौरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ें। उन्होंने 1 नवंबर को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में प्रस्तावित कांग्रेस की विशाल महारैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

मेरा वोट, मेरा अधिकार... स्कूलों में युवाओं के साथ आमजन को मतदान व मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया प्रेरित

पंचायत चुनाव: मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ताकत झोंकी







सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

पंचायत चुनाव 2026 के तहत मतदाताओं में अनिवार्य मतदान के प्रति जागरूकता हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीगंगानगर द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रमानुसार और निर्वाचन अधिकारी सुमित्रा बिश्नोई के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के 60 राजकीय और निजी शालाओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर रंगोली, नारा लिखवाकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया गया। 'मेरा वोट मेरा अधिकार' की रंगोली सजाई। स्वीप प्रभारी राज कुमार नागपाल ने सभी को अनिवार्य मतदान का संकल्प दिलाया। प्रधानाचार्य अमित बत्तरा, रवि राज, नवराज सिंह, सर्वजीत कौर, राज कमल, लवप्रीत कौर, दीपिका खत्री, गौतम पारीक का योगदान रहा।

घड़साना। राजकीय महाविद्यालय घड़साना में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारीपूर्वक मतदान करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय प्रभारी नारायणी, सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। एक जागरूक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग सोच-समझकर करता है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकारों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

श्रीमती नारायणी ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना का विकास होना आवश्यक है। विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी मतदाता जागरूकता के प्रति प्रेरित करें। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के प्रति सजग रहना चाहिए, ताकि वह निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। 23 से 26 अक्टूबर तक मतदाता पंजीकरण अभियान जारी है।

कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया गया कि मतदान के प्रति जागरूकता केवल निर्वाचन के समय तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नागरिकों को सदैव अपने लोकतांत्रिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. राजेश पारीक, सरोज, श्रीराम, संदीप कुमार एवं अनिल कुमार सहित महाविद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

चूनावढ़। पंचायत चुनाव को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य संदीप मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। ईएलसी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान की भूमिका का संदेश दिया।

चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट 29 से



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। कुम्हार समाज क्रिकेट क्लब की ओर से पहली बार चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का आगाज 29 अक्टूबर से होगा। गुरुद्वारा सिंह सभा के सामने प्रस्तावित कोर्ट परिसर मैदान में एक नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए गठित आयोजन समिति के सदस्य नानक बाघला, सुनील लिलोईया, राकेश कारगवाल, दीपक मोरवाल, मोनू पिगोरिया आदि के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही है। प्रतियोगिता में तहसील क्षेत्र के 96 खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में खेलने के इच्छुक खिलाड़ी 26 अक्टूबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रतियोगिता हेतु आठ टीमों को दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। लीग चरण में 12 मुकाबले होंगे। लीग मैच आठ ओवर के होंगे, जबकि सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। समारोह में विधायक डूंगरराम गेदर मुख्य अतिथि व नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर विशिष्ट अतिथि होंगे।प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को क्रमशः 21 हजार व 11 हजार नकद तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को 1100 रुपए नकद व ट्रॉफी दी जाएगी।

दस साल बाद मिला लापता युवक



सीमा सन्देश # रामसिंहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव 66 जोबी में करीब 10 वर्षों से लापता युवक पालाराम (30) पुत्र शंकरलाल को पुलिस ने तलाश कर परिजनों से मिलवाया। करीब एक दशक पूर्व मानसिक परेशानी के चलते वह बिना बताए घर से चला गया था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

हाल ही में थाना के सहायक उप निरीक्षक गुलाब सिंह और कांस्टेबल पूनम कुमार बिश्नोई ने विशेष प्रयास कर युवक का पता लगाया। 10 साल बाद भाई और बेटे को सही सलामत देख परिजनों व दोनों भाइयों की आंखें नम हो गईं। परिवार और ग्रामीणों ने रामसिंहपुर पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

कबड्डी खिलाड़ियों खेल किट दी



सीमा सन्देश # चूनावढ़। गांव में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरपंच निशा चुघ ने आठ कबड्डी खिलाड़ियों को जर्सी और जूतों सहित खेल किट वितरित की। इसके साथ ही शनि मंदिर में कबड्डी ग्राउंड तैयार करवाकर खिलाड़ियों को समर्पित किया गया।

इस पहल से गांव के युवा खिलाड़ियों को खेल अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। खेल किट मिलने से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

न्यूज इन ब्रीफ

रीको गोदाम से सरसों चोरी

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गोदाम से करीब सात लाख रुपए कीमत की 83.40 क्विंटल सरसों चोरी होने का मामला सामने आया है। फर्म पार्टनर रमनदीप चुघ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि नई धानमंडी स्थित फर्म नारायण सिंह गुरदित्ता राम की सरसों प्लॉट ई-13 स्थित गोदाम में रखी थी। 29 सितंबर को गोदाम खोलने पर 60-60 किलो की 139 बोरियां गायब मिलीं। कुल 83.40 क्विंटल सरसों चोरी होने का अनुमान है। रिपोर्ट में सुलतान नायक, विष्णु बाजीगर और चक्कूराम बाजीगर पर मिलीभगत का संदेह जताया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुमार को सौंप दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश और मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

लेखराज रस्सेवट की आत्मिक शांति हेतु सत्संग आज

श्रीकरणपुर। इस क्षेत्र के भामाशाह सेठ लेखराज रस्सेवट का 22 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया था।



उनकी आत्मिक शांति हेतु सत्संग का आयोजन 25 अक्टूबर को दोपहर 12 से एक बजे तक गुरुद्वारा अरोड़वंज साहब श्रीकरणपुर में होगा। सीमा सन्देश शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता है।

केवल कृष्ण सिंगला का निधन

सादुलशहर। व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पार्षद संदीप सिंगला के चाचा केवल कृष्ण सिंगला के आकस्मिक निधन के उपरांत षनिवार को श्रीराम कल्याण भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। शोक स्वरूप व्यापार मंडल द्वारा आधे दिन कृषि जिंसों की बोली स्थगित रखी गई। निधन पर पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, पूर्व प्रधान आत्माराम तरड, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, महासचिव अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, सचिव पुनीत गुप्ता, कृष्ण सहारण आदि ने शोक व्यक्त किया है।

संघ का पथ संचलन आज

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर 25 अक्टूबर 2026 को भव्य शौर्य पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे शुरू होने वाले इस पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों एवं शहरवासियों में उत्साह है। खंड संघचालक डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि शौर्य पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक अनुशासित कदमताल के साथ नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरेंगे। अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार सजाए गए हैं।

12500 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित युवक पकड़ा

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर

एसएचओ शालू बिश्नोई के अवकाश पर जाने के बाद गजसिंहपुर थाना प्रभारी लगाए गए अमन घनघस ने पदभार संभालते ही नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 हजार 500 नशीली गोलियों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल उर्फ संजू पुत्र राजेंद्र कुमार, निवासी वार्ड नंबर 2 गजसिंहपुर के रूप में बताई गई है। इसे भारतमाला रोड पर बस अड्डा लोहारा के नजदीक हुई कार्रवाई के मामले में पकड़ा गया। कार्रवाई में कांस्टेबल विकास बिश्नोई, एचएम ईश्वर सिंह व अन्य थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही। वहीं, प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग भी उठ रही है।

ऐसी दवाओं की तस्करी के मामलों में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता भी जताई जा रही है। इस मामले में कड़ी जोड़कर आगे की कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी।

'पंचायत चुनाव प्रक्रिया' समझाने के लिए बच्चे बने प्रत्याशी



सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। पीएम श्री राबाउमा विद्यालय मिर्जेवाला में मतदाता जागरूकता के लिए गतिविधियां आयोजित की गई। सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम कक्षा 11 की विद्यार्थियों अंजली, तनु, अर्शप्रीत कौर, लतीशा, लीशु, मुस्कान, ललिता,अमनदीप कौर, आरती आदि ने विद्यालय प्रांगण में सुंदर रंगोली बनाई।

शिक्षक प्रदीप कुमार तथा भगवंत सिंह के निर्देशन में विद्यार्थी आरती, भारती सेन, सुखमन कौर, समनदीप कौर, कुमकुम, मीनाक्षी, शीतल आदि के समूह ने मतदान प्रक्रिया का संचालन करके दिखाया।

इसमें दो छात्राओं को प्रत्याशी भी बनाया गया। मतदान के तुरन्त बाद हुई मतगणना में डमी प्रत्याशी बनाई गईं अंजलि को विजयी घोषित कर शपथ दिलाई गई। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती हेतु युवाओं की जागरूकता बेहद आवश्यक है।

चूरू में एपीआरओ मनीष कुमार का अभिनंदन



सीमा सन्देश # चूरू। जिले में कार्यरत सहायक जनसंपर्क अधिकारी मनीष कुमार की जनसंपर्क अधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर शुक्रवार को सूचना केंद्र में अभिनंदन समारोह रखा गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों ने उनका अभिनंदन किया।

समारोह में महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण और सरल स्वभाव वाले कार्मिक दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। जनसंपर्क अधिकारी सूर्यकान्त कुमावत ने विश्वास जताया कि उनका अनुभव सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में उपयोगी सिद्ध होगा।

मीडियाकर्मियों ने उनसे मिले सकारात्मक सहयोग की सराहना की। मनीष कुमार ने सभी का आभार जताया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार देवराज लाटा, नरेश पारीक, हर्षित पारीक, किशन उपाध्याय, गिरधारी सैनी, राजेन्द्र शेखावत, मनोज शर्मा, देशदीपक किरोड़ीवाल, अमित तिवारी, नरेश भाटी, अख्तर मुगल, शैलेंद्र सोनी, मोहम्मद अली पठान, दलीप सरावगी सहित जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और अनेक मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

दिव्यांगों ने तैयार की आकर्षक वस्तुएं



सीमा सन्देश # बींझबायला। सरस्वती बहु- दिव्यांग शिक्षण संस्थान, बींझबायला के विशेष बच्चों ने प्रतिभा और हुनर का परिचय दिया है। संस्थान के दिव्यांग बच्चों द्वारा हस्त निर्मित (हाथ से बनाई गई) सुंदर और आकर्षक वस्तुओं की विशेष स्टॉल मावड़िया धिराणिया मंदिर परिसर में लगाई गई।

इस स्टॉल का मुख्य उद्देश्य इन विशेष बच्चों के भीतर छिपी कला को समाज के सामने लाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। स्टॉल पर बच्चों द्वारा तैयार किए गए कई प्रकार के सजावटी सामान, हस्तशिल्प और दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदर्शन और बिक्री के लिए रखी गईं। स्थानीय लोगों ने वस्तुओं की खरीदारी भी की। संस्थान के प्रबंधक अनिल खालिया ने बताया कि इन बच्चों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए संस्थान में इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

संस्थान की विशेष अध्यापिका नसिता पूनियां, रेनू बाला, मावड़िया धिराणिया मंदिर कमेटी के सदस्य केदार टाक आदि उपस्थित रहे।

छात्राओं ने जयपुर, सीकर और बीकानेर का शैक्षणिक भ्रमण किया



सीमा सन्देश # निरवाना। चौ. मोटाराम मील मेमोरियल महाविद्यालय 74 एलएनपी पदमपुर कैंपस निरवाना की छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। जयपुर में जंतर-मंतर, आमेर फोर्ट, हवा महल, गोविन्ददेव जी मंदिर, बिडला मंदिर, मोती डूंगरी गणेश मंदिर, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क व स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आदि का भ्रमण किया गया। सीकर में खाटू श्याम जी, जीन माता, सालासर होते हुए बीकानेर व देशनोक आदि का भ्रमण किया। संस्था अध्यक्ष जयमलराम मील, प्राचार्य अरविन्द कुमार गौड़, उपप्राचार्य डॉ पूनम गौतम ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताया।

दीपावली पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

यातायात सुचारू बनाने के लिए नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। दीपावली के मद्देनजर यातायात व्यवस्था सुधारने और राहगीरों को राहत देने के लिए नगरपालिका व ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की।

जिला कलक्टर के निदेर्शानुसार अधिशासी अधिकारी गणपत राम और यातायात प्रभारी विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सुभाष चौक, महाराणा प्रताप चौक, रेलवे स्टेशन व बीकानेर रोड पर अभियान चलाया गया। इस दौरान फुटपाथ खाली कराते हुए सड़क के दोनों ओर लगी सब्जी की रेहड़ियों और आवागमन बाधित करने वाले अतिक्रमण हटाए गए। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन मार्ग को सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया गया।



बाजारों की भारी भीड़ के बीच जाम से निपटने के लिए नगरपालिका ने निगरानी टीम तैनात की है, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। ईओ गणपत राम ने चेतावनी दी कि सड़क पर सामान रखकर यातायात बाधित करने वालों का सामान जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं यातायात प्रभारी विरेंद्र सिंह ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की बात कही और व्यापारियों से सहयोग की अपील की।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह शिवा के आभार समारोह व युवा रैली में गरजे पूर्व विधायक

लोकतंत्र बचाने के लिए युवा वर्ग संघर्ष को आगे आएं: जांगिड

सीमा सन्देश # सादुलशहर

श्री गोशाला परिसर स्थित श्री मंगतराम दिलावर सत्संग भवन में शनिवार को युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह शिवा राजपूत के सम्मान में आभार समारोह एवं युवा रैली आयोजित की गई।

बतौर मुख्य अतिथि एआईसीसी सचिव व पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं और लोकतंत्र पर लगातार कुठाराघात किया जा रहा है।



जांगिड़ ने युवाओं का आह्वान किया कि वे आगामी पंचायती राज चुनाव में बिना डरे भाजपा की जनविरोधी नीतियों का मुकाबला करें और कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह शिवा ने कहा कि पूर्व विधायक जांगिड़ ने सादुलशहर क्षेत्र में रिकॉर्ड 2,000 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं, जिनमें अस्पताल का क्रमोन्नयन, डीटीओ कार्यालय, एडीजे कोर्ट और महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल शामिल हैं। समारोह को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के बाद पूर्व विधायक के नेतृत्व में विशाल युवा रैली निकाली गई, जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

रैली का समापन भगत सिंह चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर कालूराम तालणियां, राजेंद्र नायक, भवानीशंकर सोनी, नवीन बिश्नोई व कृष्ण अलीपुरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अन्तिम यात्रा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय वरिष्ठ अधिवक्ता

श्री राजन कुक्कड़

पुत्र स्वर्गीय श्री किशन लाल कुक्कड़ का निधन दिनांक 24/10/2026 को हो गया है।

उनकी अंतिम यात्रा दिनांक **25 अक्टूबर 2026** को **प्रातः 9:30 बजे** उनके निवास स्थान – 2/14, नागपाल कॉलोनी, श्रीगंगानगर से निकालकर **10:00 बजे** अंतिम संस्कार स्थल, कल्याण भूमि, पदमपुर रोड को पहुँचेगी।

शोकाकुल

भाई यशपाल कुक्कड़ | भाई विनोद कुक्कड़ | पुत्र आकाश कुक्कड़ (अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर)

Email : advt.seemasandesh@gmail.com

CLASSIFIED

99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I have changed my name from NEHA to NEHA AGGARWAL.WO Nitin Kumar R/O RG-08 Ridhi Sidhi First Sri ganganagar Please all Concern May Note

---

■ I, GULAB SINGH RATHORE Father of No.17044750X Rank-NK SURYAPAL SINGH RATHORE have changed my Name from GULAB SINGH RATHORE to GULAB SINGH vide affidavit dated-24/10/2026 before Bikaner Court

■ I Bhuri Devi mother of No.15169887X Rank-HAV Vinod Singh have changed my name from Bhoort to Bhuri Devi vide affidavit dated-23/10/2026 before Bikaner Court

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

सीमा सन्देश
रविवारीय परिवार
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।

भारतीय समाज में त्योहार केवल तिथियों और रस्मों का फेरबदल नहीं, बल्कि बिखरते रिश्तों को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम हैं। सालभर व्यस्त दिनचर्या, पढ़ाई-लिखाई और स्क्रीन की आभासी दुनिया में सिमटा इंसान पर्व आते ही अपने घर-परिवार की ओर खिंचा चला आता है। त्योहार वह जादुई अवसर हैं जो औपचारिकताएं भुलाकर हर दिल को अपनत्व के धागे से बांध देते हैं।



त्योहार जोड़ते हैं परिवार

डिजिटल दूरी पर भारी पड़ता पारिवारिक अपनत्व

आज का युवा वर्ग दिनभर स्मार्टफोन और लैपटॉप में इतना उलझा रहता है कि पास बैठे माता-पिता से बात करने की फुर्सत नहीं होती। लेकिन त्योहारों का आगमन इस वर्चुअल दूरी को पूरी तरह पाट देता है। जो फैमिली ग्रुप्स महीनों शांत रहते हैं, वे शुभकामनाओं और पुरानी यादों से चहक उठते हैं। देश-विदेश में पढ़ने या नौकरी करने वाले बच्चे लंबी यात्राएं तय कर अपने आशियाने की ओर लौटते हैं।

पकवानों की खुशबू और घर की सजावट

त्योहार आते ही घर में नई ऊर्जा दौड़ जाती है। पेशेवर कारीगरों के बजाय जब माता-पिता और बच्चे मिलकर घर में लाइटें लगाते हैं और रंगोली सजाते हैं, तो काम भी एक आनंदमय उत्सव बन जाता है। रसोई से उठती मां के हाथ की रसमलाई और पारंपरिक पकवानों की महक उन बचपन के दिनों की याद ताजा कर देती है, जब स्वाद ही जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी हुआ करता था।

आपके घर के लिए स्टाइलिश नाइट लैंप: बेहतरीन डिजाइन विचार

रात के समय ठोकर लगने या अंधेरे के डर को दूर करने के साथ-साथ एक स्टाइलिश नाइट लैंप आपके बेडरूम को शांत, सुकून भरा और आरामदायक माहौल देता है। पहले ये साधारण रोशनी का साधन हुआ करते थे, अब इनमें वायरलेस चार्जर, ब्लूटूथ स्पीकर, यूएसबी पोर्ट और मोशन सेंसर जैसी स्मार्ट सुविधाएं जुड़ चुकी हैं। इनकी हल्की और गर्म रोशनी आंखों को चुभती नहीं है, जिससे मानसिक तनाव कम होता है और एक गहरी व आरामदायक नींद लेने में मदद मिलती है।

पैटर्न, बनावट और नकारात्मक स्थान का संतुलन: यदि आपके कमरे में हल्के रंगों की दीवारें, मनमोहक कुशन और डिजाइनर फर्नीचर हैं, तो एक पैटर्न वाला नाइट लैंप कमरे की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। इसके लिए एडजस्टेबल कलर टेम्परेचर वाले बल्ब चुनें, ताकि दिन के समय और मनोदशा के अनुसार रोशनी बदली जा सके। वहीं, गहरे रंग की दीवारों वाले बेडरूम में लकड़ी की बनावट वाले समकालीन लैंप एक सुंदर, गंभीर और संतुलित वातावरण तैयार करते हैं।

प्रकृति से प्रेरित डिजाइन और हैंगिंग पेंडेंट लैंप : प्रकृति प्रेमी घरों के लिए शाखा के आकार वाले स्टैंड, पत्ती-प्रिंटेड शेड या प्राकृतिक लकड़ी से बने लैंप सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। इनमें वॉर्म टोन बल्ब लगाने से कमरे में सुखद ताजगी महसूस होती है। इसके अलावा, बेडसाइड टेबल पर जगह खाली रखने के लिए छत से लटकने वाले आधुनिक पेंडेंट लैंप्स का उपयोग किया जा सकता है। यह ट्रॉपिकल फैब्रिक और सादी दीवारों के साथ मिलकर बेहद ट्रेंडी लुक देते हैं।

विंटेज आकर्षण: पीतल के नाइट लैंप : अगर आपको पुराना और शाही अंदाज पसंद है, तो पीतल (ब्रास) के नाइट लैंप एक सदाबहार चुनाव हैं। पीतल की चमक को हल्के लिनेन फैब्रिक और न्यूट्रल रंगों के साथ मिलाने पर घर में एक गर्मजोशी भरा, प्राचीन और देहाती आकर्षण उभरकर सामने आता है।



पूछताछ नहीं, प्यार से करें बात: सवाल बदले, खुलेगा बच्चे का मन

स्कूल से लौटते ही माता-पिता का पहला सवाल होता है—"आज स्कूल में क्या हुआ?" भले ही यह सवाल सामान्य लगे, लेकिन बच्चे का जवाब अक्सर "कुछ नहीं" मिलता है। दरअसल, दिनभर की थकान के बाद यह विस्तृत सवाल बच्चे के लिए भारी पड़ता है। वे बातचीत से कतराने लगते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनसे पूरे दिन का हिसाब मांगा जा रहा है।

सवालों को अनुभव आधारित और विशिष्ट बनाएं

"स्कूल में क्या हुआ?" जैसे खुले सवाल के बजाय किसी एक खास पहलू पर बात शुरू करें। मसलन, "आज सबसे मजेदार बात क्या हुई?" या "किस बात पर सबसे ज्यादा हंसी आई?" ऐसे सवाल बच्चे को सोचने की स्पष्ट दिशा देते हैं। साथ ही, केवल ह्यहांह्ण या ह्यनाह्ण वाले सवालों से बचें। "दोस्त से मिले?" की जगह पूछें कि "आज किसके साथ सबसे ज्यादा समय बिताया?"

पहले अपनी बात साझा करें

यदि बच्चा तुरंत जवाब न दे, तो सवालों की झड़ी लगाने के बजाय अपने दिन का कोई छोटा अनुभव साझा करें। जैसे—"आज मुझे रास्ते में एक मजेदार चीज दिखी।" जब माता-पिता अपनी भावनाएं बांटते हैं, तो बच्चे पर दबाव कम होता है और वह समझता है कि यह कोई



बीच में न टोकें और धैर्य से सुनें

बच्चा जब भी कुछ बताना शुरू करे, तो बीच में टोककर तुरंत सही-गलत की सलाह या डांट न दें। उसे भरोसा होना चाहिए कि वह अपनी बात बेझिझक रख सकता है। जब बच्चे को अपनी बात सुने जाने का अहसास होता है, तो वह खुलकर बातें साझा करता है।

इमरजेंसी फंड: कितना रखें, कब इस्तेमाल करें और दोबारा कैसे भरें?

कमाई से हम किराया, राशन, घरेलू बिल और भविष्य के निवेश की योजना तो बनाते हैं, लेकिन अप्रत्याशित संकटों की तैयारी अक्सर भूल जाते हैं। यहीं इमरजेंसी फंड काम आता है। यह वह सुरक्षित राशि है जो कठिन परिस्थितियों में बिना किसी पर निर्भर हुए आर्थिक सहारा देती है। इसे किसी शौक या गैर-जरूरी खरीदारी के लिए खर्च करने से बचना चाहिए।



किन परिस्थितियों में करें इसका इस्तेमाल?

- **अचानक मेडिकल खर्च:** हेल्थ इंश्योरेंस होने के बावजूद कई बार जांच, दवाइयों और ओपीडी के बिल जेब से चुकाने पड़ते हैं। यह फंड तुरंत राहत देता है।
- **नौकरी छूटने पर:** यदि अचानक आय का जरिया बंद हो जाए, तो नया रोजगार मिलने तक राशन, किराया, बिजली बिल और बच्चों की फीस जैसे जरूरी खर्च इसी से चलते हैं।
- **आपातकालीन मरम्मत:** घर में कोई अचानक बड़ी टूट-फूट हो या वाहन में आई गंभीर खराबी को ठीक कराना हो, तब इसका उपयोग उचित है।

कितना फंड जरूरी और कहां रखें?

इमरजेंसी फंड का आकार आपके परिवार, मासिक खर्च और देनदारियों पर निर्भर करता है। यदि आप अकेले हैं, तो कम से कम 6 महीने के अनिवार्य खर्च जितनी रकम रखें। वहीं, अगर परिवार में आप पर निर्भर सदस्य हैं, तो 12 महीने के खर्च के बराबर फंड तैयार करें। इस पैसे को जोखिम भरे शेयर बाजार में न लगाएं। इसे बचत खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट या लिक्विड म्यूचुअल फंड में रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा निकाला जा सके।

इस्तेमाल के बाद फंड को दोबारा कैसे भरें?

- **बचत का दायरा बढ़ाएं:** फंड से पैसा निकलने के बाद मासिक आय का अतिरिक्त 10 प्रतिशत हिस्सा इसे भरने में लगाएं।
- **गैर-जरूरी खर्चों पर रोक:** जब तक फंड का आधा हिस्सा दोबारा जमा न हो, तब तक गैर-जरूरी खरीदारी सीमित रखें।
- **अतिरिक्त आय का उपयोग:** वार्षिक बोनस या टैक्स रिफंड से मिलने वाले पैसों को सीधे इस फंड में डालें। जरूरत पड़ने पर कुछ समय के लिए एसआईपी रोककर इसे प्राथमिकता दें।

फंड को सुरक्षित रखने के जरूरी नियम

इमरजेंसी फंड को हमेशा रोजमर्रा के खर्च वाले खाते से अलग रखें। इस पैसे को कभी भी रिश्तेदारों या दोस्तों को उधार न दें, क्योंकि वापसी में देरी होने पर आप स्वयं मुश्किल में पड़ सकते हैं। हर साल महंगाई और बढ़ते खर्चों के अनुसार फंड की समीक्षा करें।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

आप नई दिल्ली से क्या उम्मीद करते हैं? वह आपको न्याय देंगे? लड़ने का जज्बा रखिए नहीं तो आप गायब कर दिए जाएंगे। आपकी पहचान गायब हो जाएगी। वह आज शांत है क्योंकि दुनियाभर से दबाव है। - **फारुख अब्दुल्ला**



हनुमानगढ़-गंगानगर दोनों जिलों में कमजोर रहा मानूसन, कम फसलों से बढ़ी सूखे चारे की मांग

पशुचारा महंगा; ग्वार नीरा 900 और गेहूं की तूड़ी 1000 रुपए प्रति क्विंटल पहुंची

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

क्षेत्र में इस बार कमजोर फसलों और कम उत्पादन के चलते सूखे चारे की किल्लत गहराने लगी है। बाजार में मांग बढ़ने और आवक सीमित रहने के कारण पशुचारे के भाव आसमान छू रहे हैं, जिससे ग्रामीण अंचल में पशुपालकों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। वर्तमान में बाजार में ग्वार का नीरा 850 से 900 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं की तूड़ी (भूसा) 950 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर तक पहुंच चुकी है, जो पूर्व में 600 से 700 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका करती थी। इसी तरह ज्वार और बाजरे की कुट्टी भी 750 से 850 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रही है। फसलों की कम पैदावार और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के चलते फसलों का सूखा अवशेष काफी कम रहा है। वहीं नहरी पानी की अनिश्चितता के कारण स्थानीय स्तर पर हरे चारे की बुवाई प्रभावित हुई है, जिसके चलते पशुपालक पूरी तरह सूखे चारे पर निर्भर हो गए हैं। इसके अलावा क्षेत्रों से बढ़ती मांग और सीमित आवक ने भी दामों को तेजी से हवा दी है।



रियायती दरों पर चारा डिपो शुरू करो

दूध के दामों में खास बढ़ोतरी न होने और चारे के भाव डेढ़ गुना तक बढ़ जाने से डेयरी व्यवसाय से जुड़े किसानों और पशुपालकों के लिए पशुओं का भरण-पोषण करना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। प्रति पशु दैनिक खुराक का खर्च काफी बढ़ चुका है। पशुपालकों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में चारे की कीमतों पर नियंत्रण नहीं हुआ, तो पशुओं को संभालना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में किसान संगठनों और पशुपालकों ने प्रशासन से चारे के अनावश्यक परिवहन पर निगरानी रखने तथा रियायती दरों पर चारा डिपो शुरू कर राहत देने की मांग उठाई है।

जयपुर; चौमूं में पुलिस पर पथराव: बीकानेर में लाठीचार्ज कर खदेड़ा

देर रात तक आते रहे पंच-सरपंच के नतीजे, कई जगह हुई झड़पें

सीमा सन्देश # जयपुर।

राजस्थान के 16 जिलों में आज पहले चरण में पंच-सरपंच के लिए वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक कुल 80.09 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा वोटिंग बाड़मेर की मांगता पंचायत समिति में 91.91% और सबसे कम पाली की रानी पंचायत समिति में 56.82% हुई है।

जयपुर में चौमूं के मोरीजा ग्राम पंचायत में वोट चोरी के आरोपों को लेकर हंगामा हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सामोद पुलिस पर पथराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

तहसीलदार डॉ. विजयपाल विश्नोई ने बताया कि एक एजेंट ने अफवाह फैलाई कि यहां मतपेटी बदली जा रही है। इसके बाद भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ा। 7 से 8 लोगों को डिटेन किया गया है।

जयपुर के मौजमाबाद में दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर हमला किया। बीकानेर की रिडमलसर पुरोहितान ग्राम पंचायत में चुनाव के अंतिम समय में देवीकुंड सागर मतदान केंद्र पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को भगाया।



खाजूवाला की 3 ग्राम पंचायतों के नतीजे घोषित

बीकानेर की खाजूवाला पंचायत समिति की 10 बीडी ग्राम पंचायत में रामचंद्र ने 525 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर रहे आदर्श दुबगा को 397 वोट मिले। 5 केवाईडी ग्राम पंचायत से रामकुमार 1,578 वोट लेकर विजेता रहे, जबकि किरण को 499 वोट मिले। आनंदगढ़ ग्राम पंचायत में रामी देवी ने 840 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि रामप्यारी को 581 वोट मिले।

देर रात तक आएंगे चुनाव परिणाम

पंच, सरपंच के चुनावों में पिछली बार ईवीएम से वोटिंग हुई थी, लेकिन इस बार बैलेट पेपर का इस्तेमाल हुआ। एक वोटर ने दो वोट डाले। एक बैलेट पेपर पर सरपंच और दूसरे पर वार्ड पंच उम्मीदवारों को वोट डाले। हालांकि, पंच, सरपंचों के चुनावों में बैलेट पेपर से वोटिंग के कारण नतीजों में ज्यादा समय लगेगा। वोटिंग के बाद बाद पहले वार्ड पंच और फिर सरपंच के वोट गिने जाएंगे।

उदयपुर के भिंडर में सरपंच प्रत्याशी पर हमला कर दिया। पाली की रानी पंचायत के डुठारिया गांव में लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने जिला परिषद और पंचायत समिति मेंबर के लिए भी मतदान नहीं किया था।

भीलवाड़ा की उलेल और पीपलुंद के बूथ पर वोटर्स ने हंगामा कर दिया। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी पर फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया। हालांकि, वोटिंग हंगामे के बीच भी जारी है। नागौर में एक दूल्हा सेहरा बांधकर वोट डालने पहुंचा।

काशी में वायुसेना का प्रदर्शन; राफेल, सुखोई व तेजस के करतबों ने मोहा मन, हेलीकॉप्टरों ने बनाया तिरंगा

वाराणसी। काशी में वायुसेना के एयर शो के दूसरे दिन गंगा घाटों पर दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही अस्सी घाट से नमो घाट तक लोग सीढ़ियों, नावों और छतों पर बैठकर आसमान में विमानों के रोमांचक करतब देखने पहुंचे। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई और तेजस लड़ाकू विमानों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर लोगों को रोमांचित किया। वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने आकाश में तिरंगा फार्मेशन बनाकर देशभक्ति का माहौल बनाया। चिनूक हेलीकॉप्टर ने भी गंगा की लहरों के करीब उड़ान भरकर अपनी क्षमता दिखाई। एयर शो में मिड एयर रिफ्यूलिंग का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। नमो घाट पर सुरक्षा कारणों से प्रवेश सीमित रखा गया था, जबकि अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन समाप्त होने के बाद दर्शकों की भीड़ लौटने से कई मार्गों पर जाम की स्थिति बनी। लोगों ने विमानों के हर पल को मोबाइल कैमरों में कैद किया। काशी में पहली बार वायुसेना की ताकत और तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने मनमानी से देश चलाया : नबीन

रांची।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी संविधान का पालन नहीं किया और अपनी मनमानी से देश चलाया। झारखंड के दौरे पर आए नवीन यहां भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उद्घाटन सत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज देश में संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को चुनौती देने की कोशिश की जा रही है। संविधान की दुहाई देने वालों ने ही उसे तार-तार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528